दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 75 जयपुर, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### मल्लिकार्जुन खरगे को मिलेगी Z प्लस सिक्योरिटी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की खतरे की रिपोर्ट के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जेड प्लस सुरक्षा मिलेगी। सीआरपीएफ उन्हें सुरक्षा कवर मुहैया कराएगी। हाल में केंद्रीय एजेंसियों को खरगे की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मिले थे। उसके बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर खतरे की आशंका को उजागर करने वाली केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता को जेड प्लस सुरक्षा कवर देने का आदेश दिया।

### आज से तबादलों पर रोक, बड़े स्तर पर हुए ट्रांसफर



**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार से तबादलों पर फिर से प्रतिबंध लागू हो जाएगा। प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार ने गुरुवार को बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के 396 आरएएस अफसरों को इधर से उधर किया है। चार एपीओ अधिकारियों को पोस्टिंग दी गई है। ये चारों अधिकारी सरकार बदलने के बाद से ही एपीओ चल रहे थे। वहीं, भारतीय वन सेवा के पांच अफसर और सहकारिता में भी निरीक्षक स्तर के 55 अफसरों के तबादले किए गए हैं। वित्त विभाग के अंतर्गत आने वाले आबकारी महकमे में तबादले किए गए, लेकिन सबसे बड़े कैडर लेखा सेवा की सूची का इंतजार अभी बाकी है।

### एवलांच की चेतावनी के बावजूद खिलनमर्ग में स्कीइंग के लिए पहुंचे थे 7 सैलानी

# गुलमर्ग में बर्फीला तूफान, एक रूसी पर्यटक की मौत



सेना ने 6 विदेशी नागरिकों को किया रेस्क्यू



**एजेंसी** | जम्मू-कश्मीर

गुलमर्ग में गुरुवार को अचानक हुए एवलांच में एक रूसी सैलानी की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य को बचा लिया गया। राहत और बचाव कार्य में लगी टीम के मुताबिक यह बर्फीला तूफान उस वक्त आया जब विदेशी सैलानी अफरवाट पीक पर स्थित खिलनमर्ग क्षेत्र में स्कीइंग कर रहे थे। जम्मू कश्मीर प्रशासन की ओर से राज्य के दस जिलों में ताजा एवलांच की चेतावनी दी गई थी, हालांकि इसको अनदेखा कर 7 रूसी पर्यटक स्कीइंग के लिए पहुंच गए। ऐसे में ये सभी बर्फीले तूफान की चपेट में आए फंस गए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक यह सभी रूस के रहने वाले थे जो स्थानीय लोगों को बताए बगैर स्कीइंग करने गए थे। जानकारी मिलते ही राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंची और 6 विदेशी सैलानियों को बचा लिया। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, एक सैलानी की मौत हो गई है।

### लापता सैलानी को भी खोज निकाला

जम्मू कश्मीर की अफरवाट पीक पर स्कीइंग करने गए विदेशियों में एक सैलानी लापता हो गया था। हालांकि बाद में राहत टीम ने उसे खोज निकाला। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक एवलांच में सात व्यक्ति फंसे थे, इनमें एक की मौत हो गई और 6 को बचा लिया गया, इसके लिए भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। रूसी दूतावास भी हालात पर नजर रखे हुए है।

### बारिश और ओलावृष्टि के बाद लौटी सर्दी

# प्रदेश में 28 फरवरी से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**जयपुर।** प्रदेश में पिछले दो दिन तक हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद एक बार फिर लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। मौसम केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को 5 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। जयपुर, उदयपुर, कोटा, चूरू समेत कई जिलों में रात के तापमान 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, वहीं दिन में भी हवा में ठंडक महसूस की गई। जयपुर, अजमेर, चूरू, जोधपुर समेत कई जिलों में सर्द हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार सुबह धौलपुर और करौली में हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर में भी दो दिन से कोहरा रहने से रात का तापमान सिंगल डिजिट में जाने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले 3-4 दिन मौसम शुष्क रह सकता है। 28-29 फरवरी से राज्य में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है। जयपुर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 21 फरवरी के मुकाबले 2 डिग्री गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। वहीं चूरू में 2 डिग्री, बाड़मेर में 3 डिग्री, उदयपुर, कोटा में 2-2 डिग्री और अजमेर, जैसलमेर में 1-1 डिग्री न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। चूरू में न्यूनतम तापमान 10.8, जैसलमेर में 12.9, अजमेर में 14.9, कोटा में 17.3 और उदयपुर में 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में एक्शन

# पूर्व राज्यपाल मलिक के ठिकानों पर CBI की रेड

## 2200 करोड़ के सिविल वर्क का कॉन्ट्रैक्ट देने में भ्रष्टाचार के आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर गुरुवार को सीबीआई ने छापा मारा। सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में मलिक के दिल्ली स्थित आवास और दफ्तर सहित 30 ठिकानों पर दबिश दी। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुग्राम, चंडीगढ़, पटना, दिल्ली, जोधपुर, बाड़मेर, नोएडा और बागपत में 30 ठिकानों पर रेड डाली। यह मामला किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर प्रस्तावित कीरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए 2019 में 2200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क का कॉन्ट्रैक्ट देने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। गौरतलब है कि सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें राज्य का गवर्नर रहते (तब जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश नहीं बना था) परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। वे 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पिछले महीने भी इस केस में चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर छापा मारा था।



### क्या है मामला?

आरोप है कि कीरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित सिविल कार्यों के आवंटन में, ई-टेंडरिंग के संबंध में दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि सीवीपीपीपीएल की 47वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया था कि रिवर्स ऑक्शनिंग के साथ ई-टेंडरिंग के माध्यम फिर से क्रॉन्ट्रैक्ट आवंटित किया जाएगा। लेकिन चल रही निविदा प्रक्रिया को रद्द करने के बाद, इसे लागू नहीं किया गया और सीवीपीपीपीएल की 48वीं बोर्ड बैठक में पिछली मीटिंग के निर्णय को उलट दिया गया।

### नियमों के इतर दिया कॉन्ट्रैक्ट !

सीबीआई ने जिन 30 ठिकानों पर छापे मारे, उनमें से 8 कथित तौर पर सत्यपाल मलिक से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें सत्यपाल मलिक के गुरुग्राम स्थित तीन फ्लैट भी शामिल हैं। एशियाड गेम्स विलेज के अपार्टमेंट में भी सीबीआई की टीम पहुंची, जो सत्यपाल मलिक से जुड़ा बताया जा रहा है। पटेल इंजीनियरिंग कंपनी के अधिकारियों के यहां भी केंद्रीय एजेंसी ने तलाशी अभियान चलाया। कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में नियमों को ताक पर रखकर कुछ निर्माण संबंधी कॉन्ट्रैक्ट इस कंपनी को देने का आरोप है। सीबीआई ने पिछले महीने चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एमके मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### मलिक के पूर्व प्रेस सचिव भी नपे

सीबीआई ने इस केस के सिलसिले में गत दिनों जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के प्रेस सचिव रहे सुनक बाली के दिल्ली स्थित ठिकानों पर रेड डाली थी। दक्षिणी दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी और वेस्ट एंड में उनके परिसरों पर छापे मारे गए थे। सीबीआई के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, धन की हेराफेरी के मामले में बाली मुख्य संदिग्ध हैं।

### कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्या है?

- कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (624 मेगावाट) जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित चिनाब नदी पर प्रस्तावित है।
- कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 7 मार्च 2019 को चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा कीरू पनबिजली परियोजना (624 मेगावाट) के निर्माण के लिए निवेश को मंजूरी दी थी।
- इस परियोजना को पूरा करने में 4287ण्59 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। इसके निर्माण की जिम्मेदारी चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के पास है।

### बीसीसीआई ने जारी किया 21 मैचों का शेड्यूल

# IPL का रोमांच 22 मार्च से पिंकसिटी में होंगे तीन मैच

### चेन्नई और आरसीबी के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला

दूसरे फेज का शेड्यूल लोकसभा चुनाव की तारीखों के बाद

## 10 शहर, 21 मैच, 10 टीम



**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में एक बार फिर आईपीएल का रोमांच छाएगा। बीसीसीआई ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का पहला शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें कुल 21 मैचों की तारीख का ऐलान किया गया है, जिसकी शुरुआत 22 मार्च से होगी। टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों के लिए लोकसभा चुनाव की तारीखों के बाद बीसीसीआई दूसरे फेज की घोषणा करेगा।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले फेज में जयपुर को तीन मैचों की मेजबानी दी गई है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में यह मैच खेले जाएंगे। इनमें पहला मैच 24 मार्च, दूसरा मैच 28 मार्च और तीसरा मैच 6 अप्रैल को आयोजित होगा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स अपना शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में खेलेगी। महिला प्रीमियर लीग का फाइनल दिल्ली में खेला जाएगा, उसके तुरंत बाद मैदान को आईपीएल के लिए तैयार करने में समय लगेगा। इस कारण दिल्ली के शुरुआती दो मैच विशाखापत्तन में होंगे। बीसीसीआई के अनुसार दो सप्ताह की अवधि के दौरान 10 टीमें 10 शहरों में 21 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) शामिल होंगे।

### रिकॉर्ड नौवीं बार उद्घाटन मैच खेलेगी चेन्नई

चेन्नई की टीम रिकॉर्ड नौवीं बार आईपीएल के किसी सीजन का पहला मैच खेलेगी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2012, 2018, 2019, 2020, 2022 और 2023 में उद्घाटन मैच खेल चुकी है।

### IPL के शुरुआती 21 मैचों का शेड्यूल

| मैच | तारीख | टीमें | जगह |
|---|---|---|---|
| 1 | 22 मार्च | चेन्नई vs बैंगलोर | चेन्नई |
| 2 | 23 मार्च | पंजाब vs दिल्ली | मोहाली |
| 3 | 23 मार्च | कोलकता vs हैदराबाद | कोलकाता |
| 4 | 24 मार्च | राजस्थान vs लखनऊ | जयपुर |
| 5 | 24 मार्च | गुजरात vs मुंबई | अहमदाबाद |
| 6 | 25 मार्च | बैंगलोर vs पंजाब | बेंगलुरु |
| 7 | 26 मार्च | चेन्नई vs गुजरात | चेन्नई |
| 8 | 27 मार्च | हैदराबाद vs मुंबई | हैदराबाद |
| 9 | 28 मार्च | राजस्थान vs दिल्ली | जयपुर |
| 10 | 29 मार्च | बैंगलोर vs कोलकता | बेंगलुरु |
| 11 | 30 मार्च | लखनऊ vs पंजाब | लखनऊ |
| 12 | 31 मार्च | गुजरात vs हैदराबाद | अहमदाबाद |
| 13 | 31 मार्च | दिल्ली vs चेन्नई | शिखापत्तनम |
| 14 | 1 अप्रैल | मुंबई vs राजस्थान | मुंबई |
| 15 | 2 अप्रैल | बैंगलोर vs लखनऊ | बेंगलुरु |
| 16 | 3 अप्रैल | दिल्ली vs कोलकता | विशाखापत्तनम |
| 17 | 4 अप्रैल | गुजरात vs पंजाब | अहमदाबाद |
| 18 | 5 अप्रैल | हैदराबाद vs चेन्नई | हैदराबाद |
| 19 | 6 अप्रैल | राजस्थान vs बैंगलोर | जयपुर |
| 20 | 7 अप्रैल | मुंबई vs दिल्ली | मुंबई |
| 21 | 7 अप्रैल | लखनऊ vs गुजरात | लखनऊ |

**टीमों के कप्तान**

- मुंबई इंडियंस -हार्दिक पंड्या
- केकेआर-श्रेयस अय्यर
- सीएसके- महेंद्र सिंह धोनी
- पंजाब किंग्स-शिखर धवन
- दिल्ली कैपिटल्स-ऋषभ पंत/डेविड वार्नर
- राजस्थान रॉयल्स-संजू सैमसन
- सनराइजर्स हैदराबाद-एडेन मार्कराम
- लखनऊ सुपर जॉइंट्स-केएल राहुल
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर-फाफ डुप्लेसिस
- गुजरात टाइटंस-शुभमन गिल

### जयपुर और उदयपुर में ACB का बड़ा एक्शन

## दो नगर निगम कर्मी और सरपंच घूस लेते गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम लगातार करप्ट कर्मियों पर कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को जयपुर और उदयपुर में एसीबी ने दो जगह कार्रवाई की। उदयपुर में एसीबी ने एक सरपंच को 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया तो जयपुर में नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक और सफाई कर्मचारी को 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने नगर निगम हेरिटेज के आदर्श नगर जोन में कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक विक्रम बिवाल और सफाई कर्मचारी विनोद कुमार को परिवादी से 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। परिवादी की ओर से शिकायत दी गई थी कि उसकी माताजी की पेंशन स्वीकृत करवाने की एवज में आरोपी स्वास्थ्य निरीक्षक की ओर से डेढ़ लाख रुपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा था। इसके अलावा उदयपुर में एसीबी की स्पेशल टीम ने उमरड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच हीरालाल मीणा को 25 हजार की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में प्रार्थी द्वारा शिकायत की गई कि भूमि के इंडस्ट्रीयल उपयोग का अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की एवज में सरपंच द्वारा 1 लाख रुपए की राशि मांगी जा रही थी।

### सूचना लीक होने से हो रहे एसीबी के ट्रेप फेल

# पहले मांगी रिश्वत... कार्रवाई की भनक लगते ही लेने से किया इनकार

- पटवारी और कांस्टेबल के खिलाफ एसीबी ने किया मामला दर्ज
- पिछले साल पांच ट्रेप फेल होने के मामले आ चुके सामने
- अफसरों की कार्यशैली पर उठने लगे हैं सवाल

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अफसर भले ही कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन पिछले एक साल में एसीबी के सात मामलों में घूसखोर ट्रेप की कार्रवाई से बच गए हैं। सूचनाएं लीक होने से एसीबी के ट्रेप फेल होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में जोधपुर पीपाड़ में कार्यरत पटवारी गोरधनराम व बूंदी के कोतवाली थाने में तैनात कांस्टेबल सूबे सिंह एसीबी के जाल में फंसने से पहले ही घूस लेने से इनकार कर दिया, हालांकि एसीबी ने दोनों के खिलाफ घूस मांगने का मामला दर्ज कर लिया है। एसीबी की ट्रेप की कार्रवाई फेल होने से अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। इससे पहले भी सांभर डिप्टी एसपी के नाम से घूस मांगने वाले रीडर व सीकर एसडीएम के रीडर द्वारा स्टे हटाने की एवज में घूस मांगने के मामले में ट्रेप की कार्रवाई फेल हो गई थी।



### पटवारी ने मांगी थी 5500 रुपए की रिश्वत

पड़ताल में सामने आया कि जोधपुर पीपाड़ तहसील में कार्यरत गोरधनराम ने जोधपुर निवासी अनिल से उसके पिता के नाम से जमीन का म्यूटेशन खोलने की एवज में 5500 रुपए की घूस मांगने की शिकायत की थी। पीड़ित की शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन तो कर लिया, लेकिन तबादला होने के बाद आरोपी ने परिवादी से घूस लेने से इनकार कर दिया, जबकि जमीन का म्यूटेशन खोल दिया था। अब एसीबी ने गोरधनराम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### कांस्टेबल ने मांगी 10 हजार रुपए की घूस

बूंदी कोतवाली थाने में दर्ज एक प्रकरण में कांस्टेबल सूबे सिंह परिवादी रामचंद्र श्रृंगी से मामले में गिरफ्तारी करने की धमकी देकर 25 हजार रुपए की घूस ले चुका था। इसके बाद नाम निकालने की एवज में 10 हजार रुपए की घूस और मांग रहा था। परिवादी की शिकायत का सत्यापन कर लिया। सत्यापन के बाद आरोपी सूबे सिंह ने मामले से नाम निकाल लिया, लेकिन इस दौरान ही उसका तबादला हो गया और उसने घूस लेने से इनकार कर दिया। ऐसे में आरोपी के खिलाफ सूचना लीक होने पर एसीबी ट्रेप की कार्रवाई नहीं कर पाई।

## जरूरी खबर

### महिला उत्थान के बिना तरक्की संभव नहीं: जोगाराम



**बेधड़क. जयपुर।** विधि न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को राजीविका के द्वारा जोधपुर जिले की पंचायत समिति मण्डोर के सभागार में पंचायत समिति लूणी, धवा, मण्डोर, कैरू का शक्ति वन्दन स्वयं सहायता समूह सखी सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में मंत्री जोगाराम ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कार्यशाला भवन निर्माण एवं ऋण पर ब्याज कम करने की मांग की गई।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने की जनसुनवाई

**बेधड़क.जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरुवार को अपने राजकीय आवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने प्रदेशभर से बड़ी संख्या में आए लोगों की परिवेदनाएं सुनीं एवं ज्ञापन लिए। उन्होंने अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों से चिकित्सा मंत्री आत्मीयता के साथ मिले और उनकी परिवेदनाओं पर शीघ्र कार्रवाई कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि आयुष्मान राजस्थान के संकल्प के साथ प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को निरंतर सुगम और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। राज्य सरकार गरीब, महिला, युवा एवं किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### उज्ज्वला से बदला महिलाओं का जीवन: देवनानी



**बेधड़क.जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर जिले के जनकपुरी गंज क्षेत्र में उज्ज्वला लाभार्थी महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन सौंपे। इस दौरान देवनानी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से महिलाओं का जीवन बदला है। पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सर्वजन हिताय के सिद्धांत पर काम कर रही है। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं को रोजाना होने वाली व्यवहारिक समस्या का समाधान उज्ज्वला योजना है। देवनानी ने कहा कि इसके साथ ही इस योजना की पात्र महिलाओं को सरकार 450 रुपए में सिलेंडर भी दे रही है।

## पीएम मोदी 26 को वर्चुअल माध्यम से करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण... प्रदेश के कई जिलों में बढ़ेगी रेल सुविधा

# 554 स्टेशन, 1500 ओवर ब्रिज व अंडरपास की मिलेगी सौगात

**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज-अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। राष्ट्र को समर्पण करेंगे।

पीएम मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 24 स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 105 रोड़ ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के 24 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जाएगा। इनमें ब्यावर, फतेह नगर, जवाई बांध, रानी, अजमेर, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीम का थाना, राजगढ़, सांगानेर, पाली मारवाड़, भट्टू, चरखी दादरी, हांसी, कलावाली, कोसली, लोहारू, महेन्द्रगढ़, मंडी आदमपुर और मंडी डबवाली सम्मलित है। इन स्टेशनों के पुनर्विकास की लागत लगभग 1300 करोड़ रुपए आएगी। वहीं राजस्थान के 21 स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इनमें ब्यावर, फतेहनगर, जवाई बांध, रानी, अजमेर, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीम का थाना, राजगढ़, सांगानेर, पाली मारवाड़, डीग, धौलपुर, गोविंदगढ, खेडली, बूंदी और झालावाड सिटी सम्मलित हैं। इन स्टेशनों के पुनर्विकास की लागत लगभग 1261 करोड़ रुपए आएगी।



### स्टेशनों का निखरेगा स्वरूप, बढ़ेगी सुविधा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों को नया स्वरूप और अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास में स्थानीय लोककला व विरासत का समावेश कर स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से यात्राएं सुगम होंगी एवं रेल परिवहन सरल होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके साथ ही स्टेशनों पर रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं भी बढ़ेंगी।

### प्रदेश में सुद्रढ़ होगा रेल यातायाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देश और प्रदेश को दी जाने वाली इस सौगात के बाद राजस्थान में रेल यातायात सुद्रढ़ बन सकेगा। साथ ही यात्रियों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी बढ़ेगी। कई स्टेशनों के स्वरूप को भी निखारा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उत्तर पश्चिम रेलवे के 105 और राजस्थान के 108 रोड़ ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया जाएगा है। इससे रेल संचालन एवं संरक्षा सुद्दढ़ होगी। वहीं अंडरपास और ओवरब्रिज बनने से सड़क यातायात को भी सुगमता मिल सकेगी।

## कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन

# ERCP और यमुना जल समझौते को भाजपा बनाएगी बड़ा मुद्दा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनावों को लेकर बीजेपी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस कड़ी में गुरुवार को जयपुर में भाजपा मुख्यालय में कोर कमेटी की अहम बैठक हुई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हालिया दौरे के बाद दोपहर 12 बजे आयोजित की गई कोर कमेटी बैठक में लोकसभा चुनावों की रणनीति को लेकर मंथन किया गया।

जानकारी के मुताबिक भाजपा ने बैठक में तय किया है कि ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को राजस्थान में भुनाया जाएगा और लोकसभा चुनावों में पार्टी की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में इस पर सहमति बन गई है।

बता दें कि बैठक के लिए प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कोर कमेटी के सभी सदस्यों को बुलाया था। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित भाजपा के तमाम नेता मौजूद रहे। गौरतलब है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 दिन पहले राजस्थान के दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने संभागवार आयोजित बैठकों में मंत्रियों से लोकसभा चुनाव जीतने को लेकर तैयारियों पर कई सवाल पूछे थे। वहीं गृहमंत्री ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर कमेटी गठन नहीं किए जाने पर भी नाराजगी भी जताई थी। हालांकि इसके बाद संबंधित जिलों के मंत्रियों को तुरंत कमेटी गठित कर दी गई थी। वहीं शाह ने प्रदेश की 25 सीटों के लिए बनाए गए क्लस्टर प्रभारियों को साफ निर्देश दिए कि किसी भी लोकसभा सांसद के खिलाफ यदि थोड़ी भी सत्ता विरोधी लहर है तो उसकी जानकारी कर उसे तुरंत प्रभाव से खत्म करें।




### मिशन 25 के लिए 24 बिंदुओं पर होगा काम

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा रणनीति पर मंथन कर रही है। इसके तहत ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को भुनाने के लिए सहमति बनी है। वहीं बैठक के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मिशन-25 के लिए 24 बिंदुओं पर काम किया जाएगा। इसके तहत गांव चलो अभियान, लाभार्थी संवाद, स्वयं सहायता समूह, जनसंपर्क अभियान के दम पर भाजपा राजस्थान में सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएगी। इसके अलावा कोर कमेटी की बैठक में ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को लेकर केंद्र और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया गया।

### मिशन-25 पर बीजेपी का फोकस

वहीं बैठक के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि पार्टी कोर कमेटी की मीटिंग हर महीने में कम से कम दो बार होने का प्रावधान है। देश के आधुनिक चाणक्य और गृहमंत्री अमित शाह राजस्थान दौरे के दौरान लोकसभा के अंदर मिशन 25 पूरा हो, इसके लिए मूल मंत्र देकर गए हैं। इसके बाद हमारा यही लक्ष्य है कि हम हर लोकसभा क्षेत्र में 5 लाख से ज्यादा वोट मिले और मिशन-25 पूरा हो। वहीं पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि पार्टी की सफलता का कारण संगठन की रणनीति, कार्यकर्ताओं का परिश्रम है और इस बार भाजपा 370 और एनडीए 400 सीटें पार करेगी।

## कई विभागों में बड़े स्तर पर तबादले

# तीसरी बार बदला दीया कुमारी का विशिष्ट सहायक




**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में गुरुवार को कार्मिक विभाग ने एक फिर बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। इसके तहत जयपुर जिले में भी कई पदों पर तबादले किए गए हैं।

इनमें अवधेश सिंह रजिस्ट्रार राजस्थान विवि, ललित कुमार विशिष्ठ सहायक मंत्री दीया कुमारी, गौरव बजाड रजिस्ट्रार हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि, राजेश कुमार चौहान आरटीओ प्रथम जयपुर, तुलिका सैनी राजस्व अपील अधिकारी, विनोद कुमार पुरोहित, उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग जयपुर, शैफाली कुशवाहा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) जयपुर (दक्षिण), मुकेश कुमार कलाल उपायुक्त, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज जयपुर, राकेश कुमार शर्मा-I निदेशक (अराजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर एवं अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), पंचायती राज (चिकित्सा) विभाग, सुमन देवी, उपायुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर महीपाल सिंह उपखंड अधिकारी, चाकसू, मनीष कुमार, प्रबन्ध निदेशक, जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, सुनील शर्मा -I उपखंड अधिकारी, बस्सी, अरशदीप बराड़ उपायुक्त, नगर निगम, जयपुर ग्रेटर, योगेश सिंह देवल उपखंड अधिकारी, दूदू, राजेश कुमार मीणा ।। उपखंड अधिकारी, माधोराजपुरा, बजरंग लाल स्वामी उपखंड अधिकारी, आमेर, सुमन चौधरी सहायक कलेक्टर, चौमू (जयपुर ग्रामीण) लगाया गया है।

## हिसार मिलिट्री स्टेशन में कल होगा समारोह

# राजस्थान के 5 सैन्य कर्मियों को मिलेगा सेना मेडल



**बेधड़क | जयपुर**

सेना के दक्षिण पश्चिमी कमान का अलंकरण समारोह 2024 शनिवार को हिसार मिलिट्री स्टेशन में आयोजित होगा। इसमें दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 17 सैन्यकर्मियों को वीरता और विशिष्ट पुरस्कार प्रदान करेंगे। इनमें 10 वीरता और 7 विशिष्ट सेवा के पुरस्कार शामिल हैं। प्रदेश के 5 सैन्यकर्मियों को भी पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इनमें 4 अधिकारी व सैनिक रैंक कर्मी शामिल है। इनमें जयपुर के मेजर विकास भांभू को मरणोपरांत सेना मैडल वीरता पुरस्कार उनके परिजनों को प्रदान किया जाएगा। वहीं मेजर शुभम गौड़, मेजर अभिमन्यु रेप्सवाल और ग्रेनेडियर अनिल कुमार को भी यह पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि कर्नल महेंद्र सिंह को विशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा 17 यूनिटों को भी उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए यूनिट प्रशंसा पत्र दिए जाएंगें।

## पशुपालन मंत्री ने धर्मशाला के उद्घाटन में कहा...

# बालिका शिक्षा से समाज का होगा उत्थान

**बेधड़क | जयपुर**

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि वर्तमान समय शिक्षा और विज्ञान का है, जो समाज अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देगा, वही आगे बढेगा।

कैबिनेट मंत्री कुमावत गुरुवार को चूरू जिले के राजगढ़ मुख्यालय पर प्रजापत समाज विकास समिति की धर्मशाला के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेहनत की कमाई परोपकार के कार्यों में लगाना पुण्य का काम है। हम सभी के सहयोग से विकास कार्यों और विकसित भारत के संकल्प को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक ढांचे और समाज के विकास के लिए समय की मांग के अनुसार शिक्षा के मार्ग को सुदृढ़ करना होगा। इसके लिए समाज में पर्याप्त जागरूकता लाते हुए बालिकाओं को शिक्षित करें ताकि समाज का उत्थान हो सके। मंत्री कुमावत ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में पर्याप्त लाभ उठाते हुए सामाजिक विकास और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सामाजिक उत्थान में महिलाओं की भागीदारी अहम है। महिलाओं की भागीदारी शासन प्रशासन में भी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीएम नरेंद्र मोदी ने नया वंदन विधेयक लाकर महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डूंगर राम गैदर ने कहा कि शिक्षा सामाजिक उत्थान में सबसे अहम भूमिका निभाती है।



## तैयारी में जुटे कांग्रेसी कार्यकर्ता

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 फरवरी को राजस्थान में प्रवेश

**बेधड़क | जयपुर**

मणिपुर से मुंबई के लिए निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस समय यूपी में हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यह यात्रा अब राजस्थान में प्रवेश करने वाली है। इस यात्रा के स्वागत की तैयारी राजस्थान में शुरू हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार 25 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजस्थान के धौलपुर जिले में पहुंचेगी, जहां फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी आयोजित की जाएगी। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी यहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की यात्रा के धौलपुर पहुंचने की तैयारी को लेकर गुरुवार को राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के नेता और संगठन पदाधिकारी जुटे दिखे। उत्तर प्रदेश से राजस्थान की धौलपुर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी का कार्यक्रम किया जाएगा।

इसके बाद 2 मार्च को धौलपुर शहर में ढाई किलोमीटर तक राहुल गांधी पैदल चलेंगे। राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने बताया कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा की तैयारी में प्रदेश के शीर्ष नेता जुट गए हैं।



### फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद

राजस्थान में न्याय यात्रा के दौरान राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बोथपुरा गांव में फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी का कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एमपी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, अजय माकन, केसी वेणुगोपाल, मोहन प्रकाश समेत तमाम कांग्रेस के कद्दावर नेता मौजूद रहेंगे।

### बोथपुरा गांव में होगी जनसभा

कांग्रेसी विधायक रोहित बोहरा ने बताया फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी के बाद राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव बोथपुरा में राहुल गांधी की विशाल जन सभा का आयोजन किया जाएगा। राहुल गांधी की सभा में भारी तादात में कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से भी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं संगठन पदाधिकारी जनसभा में शामिल होंगे। जनसभा की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जुट गए हैं।

### 2 मार्च को धौलपुर पहुंचेंगे राहुल

विधायक रोहित बोहरा ने बताया 25 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा धौलपुर पहुंचने के बाद 5 दिन का विश्राम करेगी। इसके बाद 2 मार्च को राहुल गांधी पुनः धौलपुर पहुंचेंगे। धौलपुर शहर में राजाखेड़ा बाइपास से लेकर वॉटर वर्क चौराहे तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पैदल निकाली जाएगी। इसके बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में प्रवेश करेगी।

## जरूरी खबर

### पेपर लीक करने वालों की प्रॉपर्टी सीज की तैयारी



**जयपुर।** जूनियर इंजीनियर भर्ती-2020 पेपर लीक मामले में शामिल बदमाशों और उनके परिवार पर एसओजी ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। एसओजी पेपर लीक में शामिल चारों आरोपियों की प्रॉपर्टी सीज करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एसओजी ने नगर निगम, जेडीए और जिला प्रशासन से संपत्ति की डिटेल मांगी है। वहीं, मास्टरमाइंड हर्षवर्धन कुमार मीणा की पत्नी सरिता मीणा के खिलाफ भी एसओजी ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। हर्षवर्धन ने पूछताछ में एसओजी को बताया- उसकी पत्नी ने पटवारी रहने के दौरान एसआई का पेपर दिया था। पेपर में पत्नी की जगह डमी कैंडिडेट बैठाया था। पत्नी एग्जाम में पास हो गई, लेकिन फिजिकल टेस्ट में फेल हो गई थी।

### राजधानी में दिन में गर्मी, सुबह-शाम बढ़ी सर्दी




**जयपुर।** राजस्थान में दो दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट आई है। इसका असर जयपुर में भी दिखाई दिया। यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान 21 फरवरी के मुकाबले 2 डिग्री गिरकर 15.3 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। इसके चलते सुबह-शाम सर्दी का अहसास हुआ। प्रदेश में गुरुवार सुबह धौलपुर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में भी दो दिन से कोहरा रहने से रात का तापमान सिंगल डिजिट में जाने लगा है। पाली, जोधपुर, जैसलमेर जिलों में हल्के बादल छाए रहे। राज्य में अगले 3-4 दिन मौसम शुष्क रह सकता है।

## खेल मंत्री ने सवाई मानसिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया, पूर्ववर्ती सरकार पर बोला हमला...

# जिम से पहले खरीदे उपकरण, 126 करोड़ की टी-शर्टें पड़ी बेकार

**बेधड़क** | जयपुर

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने गुरुवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिना विजन के स्टेडियम में निर्माण करवाया गया। सरकार ने जिम बनने से पहले ही महंगे उपकरण खरीद लिए जो बेकार पड़े हैं। इसके अलावा 126 करोड़ रुपए की टी-शर्टें खरीद लीं, जो आज भी कमरों में पड़ी हुई है। राठौड़ स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान स्टेडियम की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सवाई



मानसिंह स्टेडियम प्रदेश का सबसे बड़ा और आदर्श स्टेडियम है। ऐसे में यहां सभी सुविधाएं सबसे बेहतर और बेस्ट होनी चाहिए थी, लेकिन धरातल पर ऐसा नहीं है। पिछले कुछ सालों में बिना विजन के स्टेडियम में निर्माण कार्य किया गया है, जो खिलाड़ियों के लिए निकट भविष्य में ही किसी काम का नहीं होगा। यहां से बेहतर व्यवस्थाएं, तो अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के ग्राउंड में ही होती है।

### काफी खराब स्थिति में हैं इक्विपमेंट

उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में सभी इक्विपमेंट काफी खराब स्थिति में हैं। बिना विजन के बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण कर दिया गया। यहां इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का एक भी बास्केटबॉल कवर कोर्ट नहीं है। वेटलिफ्टिंग हॉल भी बदहाल स्थिति में है, लेकिन पूर्व कांग्रेस सरकार को बदहाल स्थिति सुधारने की जगह इक्विपमेंट खरीदने की काफी जल्दबाजी थी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का तैयार होगा स्टेडियम

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सवाई मानसिंह स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाएगी। स्टेडियम में जो भी निर्माण करवाया जाएगा वह अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। इसको लेकर गुरुवार को उन्होंने सवाई मानसिंह स्टेडियम में निर्माण कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की, ताकि खिलाड़ियों को मिलने वाली हर सुविधा को बेहतर से सर्वश्रेष्ठ बनाया जा सके।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण करेंगे

खेल मंत्री ने कहा कि जयपुर के साथ ही हम प्रदेश के सभी संभागों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण करेंगे, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। इसकी घोषणा जल्दी ही मुख्यमंत्री खुद करेंगे। हम एक पूरा सिस्टम तैयार करेंगे। जहां टैलेंट को सर्च करने से लेकर तराशने तक का काम किया जाएगा। एक्सीलेंस सेंटर को चलाने का काम भी गैर सरकारी कॉर्पोरेट स्टाइल में होगा, ताकि राजस्थान के खिलाड़ियों को सबसे बेहतर सुविधाएं मिले और वह अपना हंड्रेड परसेंट दे सकें।

## नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 को पूरी करने की कवायद शुरू

# लोकसभा चुनाव से पहले चार कैडर की भर्तियों में नियुक्ति!

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा विभाग में नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 को पूरी करने की कवायद शुरू हो गई है। सब कुछ सही रहा तो आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इनमें चार कैडर की भर्तियों में नियुक्ति मिलनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि भर्ती को पूरी कराने को 23 दिन तक अभ्यर्थियों ने सीफू के बाहर धरना दिया था। इसके बाद सरकार ने अभ्यर्थियों के प्रतिनिधमंडल से वार्ता कर नियुक्तियों को जल्द पूरी करने के आश्वासन दिया था। दरअसल भर्ती एजेंसी सीफू की ओर से गुरुवार को एक पत्र जारी किया गया है। इसमें डेंटल टेक्निशियन, ईसीजी टेक्निशियन, नेत्र सहायक के पदों के लिए पूर्व में जारी भर्ती अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्रों के पुनर्सत्यापन को लेकर प्रदेश की सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपलों व अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए व्यक्ति विशेष या उत्तरदायी अधिकारी को आवश्यक दस्तावेज यथा उपस्थिति, वेतन विवरण, अनुबंध, पद स्वीकृति सहित शनिवार को सीफू बुलाया गया है। इस कार्रवाई के बाद चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।




### इतना हो गया था काम

इन भर्तियों में पिछली सरकार में फार्मासिस्ट को छोड़कर सभी केडर की अस्थाई सूची विधानसभा के चुनाव से पहले जारी हो चुकी है। विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार को विभाग की ओर से भर्ती को पूर्ण कराने के लिए प्रस्ताव भेजा था। नई सरकार की ओर प्रस्ताव को आगे बढ़ाने मंजूरी दे दी गई। इनमें कोई कोर्ट केस के मामले को छोड़कर योग्य अभ्यर्थियों को केडरवार नियुक्ति दी जाएगी। आचार संहिता से पहले 4 केडर को नेत्र सहायक, ईसीजी टेक्नीशियन, सहायक रेडियोग्राफर, डेंटल टेक्निशियन को नियुक्ति दी जाएगी।

### नर्सेज, एएनएम की बाद में होगी सूची जारी

चिकित्सा विभाग की अभी मंशा छोटे पद वाली भर्तियों को पूरा करने की है, ताकि नियुक्ति जल्द दी जा सकेगी। बाकी केडर नर्सेज व एएनएम व फार्मासिस्ट के अभ्यर्थियों के बोनस और बाहरी राज्यों के मामले के निवारण के बाद नियुक्ति दी जाए।

### इतने हैं पद

- नर्सिंग ऑफिसर -8750
- महिला स्वा. कार्यकर्ता -4847
- फार्मासिस्ट -3037
- रेडियोग्राफर -1178
- लैब टेक्नीशियन -2190
- नेत्र सहायक -117
- डेंटल टेक्नीशियन -151
- ईसीजी टेक्निशियन - 246
- कुल 20546 पद

"इस भर्ती पर किए संघर्ष का परिणाम देखने को मिला है। चिकित्सा मंत्री ने जल्द भर्ती करवाने का आश्वासन दिया था, जिस पर कार्रवाई शुरू हुई है। यदि सरकार किसी तरीके का वादा खिलाफी करती है तो संघर्ष समिति इस बार प्रदेश लेवल पर आंदोलन करेगी।

**उदय सिंह मीना,** प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान, नर्सिंग, ऑफिसर एवं पैरामेडिकल भर्ती संघर्ष समिति

"इन भर्तियों में तीन कैडरों के अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्र को पुनर्सत्यापन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख शनिवार को बुलाया है। यह कार्रवाई होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**डॉ. ओपी थाकन,** निदेशक, सीफू

## उड़ान नहीं भर सकी, यात्री हुए परेशान

# तीन दिन में दूसरी बार कैंसिल हुई जयपुर-अयोध्या की फ्लाइट

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर से अयोध्या जाने वाली स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट गुरुवार को भी रद्द हो गई। ऐसे में तीन दिन में दो बार फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से अयोध्या जाने वाले यात्रियों में खासा गुस्सा देखा गया।

स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या SG - 3421 गुरुवार को अयोध्या के लिए उड़ान भरने वाली थी। तकनीकी कारणों की वजह से वह उड़ान नहीं भर पाई। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन रीजन की वजह से आखरी वक्त पर फ्लाइट का संचालन रद्द किया गया। इसकी जानकारी बुधवार शाम को ही ई-मेल और टेलिफोनिक माध्यम से यात्रियों तक भी कर दी गई थी। ऐसे में एयरलाइंस द्वारा फ्लाइट रद्द होने के चलते यात्रियों को उनका भुगतान रिफंड कर दिया गया है। शनिवार से फिर से नियमित फ्लाइट का संचालन शुरू होगा। गौरतलब है कि जब से फ्लाइट शुरू हुई है तब से अब तक दूसरी बार फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी है।

### विकास कार्यों का लोकार्पण



*जयपुर। नगर निगम ग्रेटर की ओर से झालाना डूंगरी में शहरी डिस्पेंसरी के सामने नवनिर्मित सार्वजनिक यूरिनल और पार्क के सामने महिला स्नानागार बनाया गया है। दो विकास कार्यों का गुरुवार को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद 139 लक्ष्मण लूनीवाल सहित रामकिशन लूनीवाल सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।*

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## CISF ने लिया हिरासत में, मामला दर्ज

# कारतूस लेकर एयरपोर्ट पहुंचा यात्री

**बेधड़क** | जयपुर

एक यात्री गुरुवार को बंदूक की गोली लेकर एयरपोर्ट पहुंच गया, लेकिन बैग चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। यात्री के पास से एक कारतूस मिलने पर सीआईएसएफ ने यात्री को हिरासत में ले लिया तथा उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाना पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया। पकड़ा गया यात्री झुंझुनूं से आया था।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार बुधवार सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर झुंझुनूं निवासी जगदीश




पूनिया एयरपोर्ट पर पहुंचा। वह इंडिगो की फ्लाइट से कोलकाता जा रहा था। सीआईएसएफ ने जांच की तो अटैची (बैग) के कवर में कारतूस (17 MM) मिला। एसआई उमराव सिंह ने यात्री से पूछताछ की, लेकिन वह कारतूस को लेकर सही जवाब नहीं दे पाया। उसके पास किसी हथियार का लाइसेंस भी नहीं मिला। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में अरेस्ट कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इससे पहले 15 फरवरी के दिन जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ने का मेल आया था। उसके बाद से ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा चाक चौबंद कर दी गई थी। ऐसे में एयरपोर्ट आने और जाने वाले सभी यात्रियों की सघन जांच के बाद ही उन्हें एंट्री और एग्जिट दिया जा रहा है।

## पेट्रोल पंप संचालकों ने स्टेट इंडियन ऑयल कार्यालय पर दिया धरना

# कमीशन बढ़ाकर वैट घटाए सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने अपनी 27 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को आदर्श नगर स्टेट इंडियन ऑयल कार्यालय पर धरना दिया।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द सरकार और तेल कंपनियों ने सरकार से कमीशन बढ़ाकर वैट घटाने सहित हमारी अन्य मांगों पर सहमति नहीं जताई तो आने वाले समय में प्रदेशभर के पेट्रोल पंप संचालक आर-पार की लड़ाई



लड़ेंगे। जयपुर पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष लादू सिंह ने कहा कि सरकार ने पिछले 7 साल से पेट्रोल पंप संचालकों के कमीशन में वृद्धि नहीं की है, जबकि 7 सालों में महंगाई बढ़ गई।

सिंह ने कहा कि इसके साथ ही तेल कंपनियों द्वारा हम पर हाई स्पीड पेट्रोल और ऑयल खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि जनता सामान्य पेट्रोल खरीदना पसंद करती है। ऐसे में महंगा तेल बेचना मुश्किल हो जाता है। लादू सिंह ने कहा कि इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल पर वैट में भी कटौती होनी चाहिए। हमें उम्मीद है कि केंद्र सरकार वैट में कटौती कर जनता के साथ पेट्रोल पंप संचालकों को भी राहत देगी। उन्होंने कहा कि हमारी सभी मांगों को लेकर हमने सांकेतिक धरना दिया था।

## मानसरोवर ने पकड़ी गैंग, 14 बाइक बरामद

# बाहर से आते, जयपुर में बाइक्स चुराते और फिर सस्ते में बेच देते

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर थाना पुलिस ने एक ऐसी बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया है, जो बारां से जयपुर आकर यहां से बाइक चुराती थी और बाद में उनको सस्ते दामों में बेच देती थी। पुलिस ने 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 14 बाइक बरामद की है। गैंग का सरगना अशोक गुर्जर मूल रूप से बारां जिले के रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशों ने बड़ी संख्या में बाइक चोरी करना कबूल किया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि 12 दिसंबर 2023 को गगन कुमावत पुत्र राजेश कुमावत निवासी 18 शांति विहार कल्पनापुरा सांगानेर जयपुर ने रिपोर्ट दी थी। उसने बताया कि दोपहर 4:30 से 6:30 के बीच स्टोन पार्क बी टू बाइपास में घूमने गया था। उसने अपनी बाइक वहां पार्किंग में खड़ी की थी। स्टोन पार्क में घूमने के बाद जब वह वापस आया तो पार्किंग से बाइक गायब मिली। पीड़ित की शिकायत पर सांगानेर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने इलाके में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आवारा घूमने वाले बदमाशों के फुटेज के आधार पर मुखबिर से जानकारी जुटाई। चालानशुदा अपराधियों से भी गहन पूछताछ की गई और आधुनिक तकनीक



का इस्तेमाल कर ट्रेडिशनल पुलिसिंग के जरिए अपराधियों को चिह्नित किया गया। इसके बाद अलग-अलग टीमें भेजकर सरगना अशोक गुर्जर और उसके साथियों लक्ष्मण कुशवाह, सन्नी शर्मा, नौरतन को गिरफ्तार किया गया।

### सीके बिरला अस्पताल के पीछे छिपाते थे बाइक्स

बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह बाइक चुराने के बाद उसको सीके बिरला अस्पताल के पीछे छिपाते थे। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़ी 14 बाइक को रिकवर किया। वाहन चोर अशोक गुर्जर ने बताया कि उनकी गैंग सांगानेर, प्रताप नगर, जवाहर सर्किल, मुहाना, मानसरोवर, मालपुरा गेट, सांगानेर सदर और शिप्रापथ थाना इलाकों में बाइक चोरी करती थी।

### गैंग के बदमाश सूने मकान और भीड़भाड़ में खड़ी बाइक्स को बनाते थे निशाना

बदमाशों ने बताया कि वह दिन और रात के समय जयपुर शहर के अलग-अलग इलाकों में सूने मकानों के बाहर खड़ी बाइकों को चिह्नित करते। साथ ही भीड़भाड़ वाली जगहों, पार्क, गार्डन, मैरिज गार्डन के सामने मौका देख कर बाइक को पुरानी चाबी से स्टार्ट कर चोरी कर ले जाते थे और आसपास के इलाकों में सुनसान जगह पर ले जाकर खड़ी कर देते थे और मौका पाकर जयपुर से बाहर भिजवा देते थे। इसके बाद ग्राहक तैयार कर सस्ते दामों में बाइक बेच देते थे।

## जरूरी खबर

### किसानों को गो-आधारित कृषि के लिए किया प्रेरित



**दूदू।** जिले के ग्राम उमरियावास में भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने किसानों को गो-आधारित कृषि के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी आदि सिंथेटिक फर्टिलाइज़र से भूमि बंजर होती जा रही है। उन्होंने केमिकल मुक्त खेती का आह्वान किया। इस दौरान संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। उन्होंने भक्तो को प्रतिदिन यह पाठ करने का संकल्प लिया।

### सड़क हादसे में डॉक्टर की मौत, दो लोग घायल

**झुंझुनूं।** शहर से 10 किलोमीटर दूर सोती रोड पर आवारा पशु सामने आने से कार पलट गई। इसमें एक डॉक्टर की मौत हो गई। कार अनियंत्रित होकर वन क्षेत्र बीड़ की तारबंदी को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। मृतक अर्पित कालेर (34) झुंझुनूं के इंदिरा नगर के रहने वाले थे और राजकीय बीडीके अस्पताल के पूर्व पीएमओ शुभकरण कालेर के बेटे थे। सदर थाना पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात 2.30 बजे थाना क्षेत्र के सोती रोड पर हादसे की सूचना मिली थी। कार में तीन लोग सवार थे। डॉ. अर्पित की कार में फंसा हुआ था। उसे झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

### प्राण-प्रतिष्ठा के यज्ञ में 101 जोड़ों ने दी आहुतियां



**अजमेर।** श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान यज्ञ में 101 जोड़ों ने आहुतियां दी। इसके बाद देवी देवताओं की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि 18 फरवरी से लगातार धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे। इसके अन्तर्गत गुरुवार को पं. चन्द्र प्रकाश आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ करवाया गया। पूर्णाहुति के बाद भैरव बाबा, संत सेनजी महाराज, मां दुर्गा, हनुमानजी, बाबा रामदेव और शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

**राजस्थानी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से बिखेरी रंगत, सुनहरे गुब्बारे छोड़कर महोत्सव का आगाज**

# डेजर्ट फेस्टिवल: सुसज्जित ऊंटों के साथ निकाली शोभायात्रा

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले में इंटरनेशनल डेजर्ट फेस्टिवल की शुरुआत गुरुवार को शोभायात्रा के साथ हुई। सुबह 8.30 बजे सोनार दुर्ग स्थित नगर आराध्य भगवान लक्ष्मीनाथजी के मंदिर में आरती की गई। इसके बाद 9.30 बजे गड़ीसर झील से सोनार दुर्ग होते हुए पूनम सिंह स्टेडियम तक शोभायात्रा निकाली गई।

जैसलमेर शहर में सजे धजे ऊंटों के साथ शोभायात्रा ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि डेजर्ट फेस्टिवल को लेकर स्वर्णनगरी जैसलमेर में मनमोहक सजावट की गई है। चौराहों की डेकोरेशन के साथ ऐतिहासिक स्थलों पर रंग-बिरंगी रोशनी की गई है। गड़ीसर झील से शुरू हुई शोभायात्रा में ऊंटों को सजाया गया। राजस्थानी संगीत पर लोक कलाकारों ने कालबेलिया व राजस्थानी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए शोभायात्रा शहीद पूनम सिंह स्टेडियम पहुंची। पूनम सिंह स्टेडियम में सुबह 11 बजे आकाश में सुनहरे गुब्बारे छोड़ कर महोत्सव का आगाज किया गया। इस दौरान देसी-विदेशी पर्यटकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों को कैमरे में कैद किया।



### प्रतियोगिता में सैलानियों ने दिखाया दम

दोपहर 12 बजे से विदेशी पर्यटकों एवं भारतीयों के लिए साफा बांधो प्रतियोगिता, मूमल महेन्द्रा, मूंछ प्रतियोगिता, मिस मूमल, मिसेज डेजर्ट और मिस्टर डेजर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें देशी-विदेशी सैलानियों ने हिस्सा लिया। दोपहर 2 बजे से आई लव जैसलमेर फाउंडेशन की ओर से डाइन विथ जैसलमेर का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थानी फूड का प्रदर्शन किया गया।




### कलाकारों के राजस्थानी गायन ने लुभाया

शाम 6.30 बजे पूनमसिंह स्टेडियम में आइकन्स ऑफ जैसलमेर के सम्मान के तहत पद्मश्री अनवर खान बईया और पेपे खान को सम्मानित किया गया। शाम 7 से रात 10 बजे तक संस ऑफ द सोइल्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अनवर खान बईया, पेपे खान व मेरे राम आएंगे फेम स्वाति मिश्रा ने प्रस्तुतियां दी। बॉलीवुड सेलिब्रिटी मामे खान ने अपने बैंड के साथ प्रस्तुति देकर खूब लुभाया।

**पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र के शिल्पग्राम में 'ऋतु बसंत उत्सव' आज से**

# उदयपुर की फिजा में शास्त्रीय संगीत का रस घोलेंगे कलाकार

- बॉलीवुड की पार्श्व और शास्त्रीय गायिका रोंकिनी की परफोरमेंस रहेगी खास
- प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डॉ. आरती सिंह एंड ग्रुप की होगी मनमोहक प्रस्तुति

**बेधड़क** | उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से शिल्पग्राम में एक और सांस्कृतिक पेशकश के रूप में 'ऋतु बसंत उत्सव' का आगाज शुक्रवार शाम से होगा। इस तीन दिवसीय उत्सव में क्लासिकल के नामचीन आर्टिस्ट उम्दा प्रस्तुतियां देंगे।

केंद्र का यह शास्त्रीय संगीत व नृत्य को समर्पित प्रोग्राम साल 2016 से निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है और इसमें देश के कई प्रसिद्ध कलाकार मेवाड़ के कलाप्रेमियों के रू-ब-रू हो चुके हैं। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 25 फरवरी तक रोजाना शाम 6:30 बजे शुरू होने वाले कार्यक्रमों की पहली कड़ी के रूप में शुक्रवार को बॉलीवुड के कई गानों में अपनी दिलकश आवाज का जादू बिखेर चुकीं शास्त्रीय गायिका रोंकिनी गुप्ता विलंबित ख्याल और द्रुत ख्याल से श्रोताओं के हृदय को झंकृत करेंगी।

उन्होंने ग्वालियर घराने के प्रतिपादक चंद्रकांत आप्टे से प्रशिक्षण लिया और उस्ताद दिलशाद खान, उस्ताद राशिद खान के साथ अपने कला कौशल का प्रदर्शन कर उसे और निखारा है। इनके साथ ही इसी दिन प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्रो. डॉ.आरती सिंह अपने ग्रुप के साथ कथक की श्रेष्ठ भाव-भंगिमा पूर्ण पेशकश से कथक की बारीकियों को उकेरेंगी। दूसरे दिन शनिवार को पंडित राजकुमार मजूमदार, उस्ताद असगर हुसैन व उस्ताद अख्तर हसन वायलिन-संतूर की उम्दा जुगलबंदी से रिझाएंगे तो राजस्थान के शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ शाम में क्लासिकल रंग भरेंगे।

उत्सव के अंतिम दिन रविवार को हर दिल अजीज पंडित मोरमुकुट केडिया व पंडित मनोज केडिया सरोद-सितार की दिल को छू लेने वाली जुगलबंदी पेश करेंगे। वहीं, देश के जाने-माने कोरियोग्राफर संतोष नायर अपने ग्रुप के साथ नृत्य स्तुति से उत्सव को पूर्णता देंगे।





### तीनों दिन रहेगा प्रवेश निशुल्क

यह कार्यक्रम 23 फरवरी से प्रतिदिन शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शाम 6:30 बजे से होगा। आमजन के लिए इसमें तीनों दिन प्रवेश निशुल्क रहेगा।



### उम्दा क्यूरेशन... शानदार सिक्वेंस

किसी भी कार्यक्रम की सबसे बड़ी खूबी होती है उसको खूबसूरती से संजोना यानी क्यूरेट करना। यह खूबी इस उत्सव के तीनों दिन साफ झलकेगी। मसलन, पहले दिन क्लासिकल गायन के साथ कथक, दूसरे दिन गायन के बाद तीन मशहूर संगीतज्ञों के वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी और शास्त्रीय गायन का संगम तथा तीसरे दिन दो प्रसिद्ध संगीतज्ञों का सरोद-सितार के इंस्ट्रूमेंटल डुएट के साथ वर्ल्ड क्लास नृत्य प्रस्तुति का संयोजन देखने को मिलेगा।

## वायलिन-संतूर की जुगलबंदी और शास्त्रीय गायन

**दूसरे दिन शनिवार के ये होंगे आकर्षण**

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र की ओर से शुक्रवार को शिल्पग्राम में शुरू होने वाले 'ऋतु बसंत उत्सव' में शनिवार को पं. राजकुमार मजूमदार, उस्ताद असगर हुसैन और उस्ताद अख्तर हसन की वायलिन और संतूर की खूबसूरत जुगलबंदी और जयपुर के शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ की गायकी रहेगी। पं.राजकुमार मजूमदार देश के बहुमुखी संतूर वादक हैं। इन्होंने अपनी अद्वितीय प्रदर्शन शैली और ध्वनि क्षमता के लिए खास पहचान बनाई है। उन्होंने दोनों हाथों से संतूर बजाने की आत्मिक शैली में महारत हासिल की है। इनके पंडित प्रशांत मजूमदार ने तबला वादन में प्रशिक्षित किया था। ने 1997 में एक दुर्घटना के बाद संतूर सीखा। उनकी लगन और निष्ठा को देख संतूर महागुरु पंडित भजन सोपोरी ने उन्हें शिष्य बनाया था। ये आज के देश के चुनिंदा उम्दा संतूर वादक में शुमार हैं। पंडित मजूमदार के साथ वायलिन की जुगलबंदी करने वाले उस्ताद असगर हुसैन ने पिता उस्ताद अनवर हुसैन से प्रशिक्षण पाने के बाद अपनी एक विशेष शैली प्रतिपादित की, जो गायकी और तंत्रकारी (वाद्य और गायकी स्टाइल) का अद्भुत मिश्रण है। असगर की तान, खटका, गामक, मींड, सुव्यवस्थितता, सौंदर्य और रागों की पवित्रता, विभिन्न लयकारी की विविधता में महारत इन्हें देश के आला वायलिन वादकों में शुमार कराती है। इनके साथ तबले पर फर्रूखाबाद घराने के उस्ताद अख्तर खान संगत करेंगे। ये आकाशवाणी और दूरदर्शन के टॉप ग्रेड संगीतकार हैं। इसी दिन बनारस, ग्वालियर और किराना घरानों के गायक जयपुर के सौरभ वशिष्ठ अपनी रेशमी आवाज में शास्त्रीय गायन से शिल्पग्राम का वातावरण शास्त्रीय बनाएंगे। आकाशवाणी के मानद कलाकार सौरभ ने प्रतिष्ठत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी और महाराणा कुंभा संगीत रत्न अवॉर्ड हासिल किए हैं। इसके साथ ही उन्हें आगरा के संगीत कला केंद्र ने 'नाट साधक' की उपाधि से नवाजा है।

**दो लोगों की मौके पर ही हुई मौत**

## चालक को आया हार्ट अटैक, बेकाबू कार ने कई लोगों को कुचला



**बेधड़क** | नागौर

जिले के डेगाना में एक भीषण हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान एक बेकाबू बोलेरो कार शोभायात्रा में घुस गई और दर्जनभर श्रद्धालुओं को कुचल दिया।


बताया जा रहा है कि बोलेरो चला रहे चालक को हार्ट अटैक आ गया था, जिसके बाद बोलेरो बेकाबू होकर आगे चल रही विश्वकर्मा भगवान की शोभायात्रा में घुस गई। वहीं बोलेरो चालक ने भी इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार यह हादसा गुरुवार सुबह करीब 11 बजे डेगाना कस्बे के मुख्य बाजार में हुआ। यहां जांगिड़ समाज की ओर से विश्वकर्मा भगवान की शोभायात्रा निकाली जा रही थी।

इसी दौरान करवा गली के पास यात्रा में पीछे चल रही एक बोलेरो अचानक बेकाबू हो गई और नियंत्रण खोने के बाद गाड़ी आगे चल रही यात्रा में घुस गई और लोगों को कुचलते हुए वहां खड़ें ठेलों से टकरा कर रूक गई। बोलेरो चला रहे ड्राइवर ईसान खान (60) को हार्ट अटैक आने के बाद उसका बोलेरो पर नियंत्रण नहीं रहा। हादसे के बाद शोभायात्रा में कोहराम मच गया। वहीं डेगाना अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इस घटना का खौफनाक वीडियों भी सामने आया है। इसमें बोलेरो लोगों को कुचलते हुए दौड़ती दिखाई दे रही है।

## नलों में आ रहा दूषित पानी आंदोलन की दी चेतावनी

**बेधड़क** | सिरोही

जिले में आबूरोड के वार्ड 15 में बीते दो माह से भी ज्यादा समय से दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस मामले में रूडीफ एवं जलदाय विभाग अधिकारियों को कई बार बताने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दूषित पानी की समस्या लंबे समय से चल रही है। रूडीफ एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्या के बारे में बताकर समाधान की मांग की गई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो कोई संतोष प्रद जवाब नहीं मिलता है। ऐसे में लोग परेशान हो रहे हैं और उनमें रोष व्याप्त है। वार्ड पार्षद भवनीश बारोट ने अगले तीन दिन में दूषित पानी बंद नहीं होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन करने एवं जन आंदोलन की चेतावनी दी है।



## मां-बेटी रेल के आगे कूदी, दोनों की मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में बुधवार रात को मनिया कस्बे में रेल लाइन पर ट्रेन के आगे कूद कर मां-बेटी ने आत्महत्या कर ली। दुर्घटना की सूचना आस-पास के लोगों ने मनिया थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सीओ मनोज कुमार गुप्ता ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मां- बेटी के शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

सीओ गुप्ता ने बताया कि दंडोली गांव निवासी 55 वर्षीय महिला जमुना देवी पत्नी वीरी सिंह एवं उसकी 18 वर्षीय पुत्री संजना ने मनिया कस्बे में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक वीरी सिंह की पुत्रवधु आए दिन घर में झगड़ा कर आत्महत्या की धमकी देती थी। इससे उसकी सास और ननद परेशान थीं। इसी परेशानी के चलते जमुना देवी अपनी 18 साल की बेटी संजना को लेकर रेलवे लाइन पर पहुंच गई, जहां दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना बताया जा रहा है कि सास जमुना और ननद संजना की ओर से आत्महत्या का कदम उठाने से पहले भी उनके घर में पुत्रवधु ने झगड़ा किया था।



**केंद्र सरकार ने 1.12 करोड़ रुपए किए मंजूर**

# खाटू से सालासर तक बनेगा रेलवे ट्रैक, सर्वे के आदेश

**बेधड़क** | सीकर

जिले के दो प्रसिद्ध आस्था धाम खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी अब रेलवे लाइन से जुड़ेंगे। इससे लाखों श्रद्धालुओं को फायदा मिलेगा।

श्याम बाबा के दर्शन के बाद जो श्रद्धालु सालासर बालाजी दर्शन को जाना चाहेंगे उन्हें खाटूश्यामजी से ही सीधे रेल की सुविधा मिल सकेगी।

रेलवे लाइन के सर्वे के लिए केंद्र सरकार ने 1 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वहीं, सर्वे को लेकर रेलवे बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर सिविल अभिषेक जगावत ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत खाटूश्याम जी, सालासर और सुजानगढ़ के बीच रेल लाइन का सर्वे किया जाएगा। सर्वे के बाद रिपोर्ट रेलवे बोर्ड में पेश कर रेलवे लाइन पर फैसला किया जाएगा।



### करोड़ों यात्रियों को मिलेगा लाभ

खाटू बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए सालभर में करोड़ों श्रद्धालु खाटू श्यामजी पहुंचते हैं। इनमें से अधिकांश श्रद्धालु खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद सालासर बालाजी के दर्शन करने भी जाते हैं। ऐसे में अगर, खाटू से सालासर के बीच रेल सेवा शुरू होती है तो इसका लाभ करोड़ों श्रद्धालु समेत अन्य यात्रियों को भी मिलेगा। साथ ही रेल लाइन शुरू होने से खाटू श्यामजी और सालासर देश के अन्य शहरों से भी जुड़ सकेगा।

### सांसद ने पीएम का जताया आभार



रेल मंत्रालय की ओर से खाटू श्यामजी और सालासर के बीच रेलवे लाइन के सर्वे के बजट की मंजूरी होने पर सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी जताया है। सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि जल्द ही लोकेशन सर्वे होने के बाद रेलवे लाइन का काम शुरू हो जाएगा। इससे आने वाले वर्षों में श्रद्धालु खाटू से सीधे सालासर जा सकेंगे।

## होटल मैनेजमेंट स्टूडेंट्स ने कैंपस में सजाया फूड बाजार

# फूड स्टाल्स पर महकी स्टूडेंट्स के कुकिंग टैलेंट की खुशबू

**बेधड़क** | जयपुर

होटल मैनेजमेंट स्टूडेंट्स ने अपनी बनाई कुछ खास डिशेज को कैंपस में डिस्प्ले किया तो पूरे परिसर में उनके टैलेंट की खुशबू फैल गई। मौका था पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (पीआईएचएम) की ओर से गुरुवार को शुरू हुए दो दिवसीय फूड बाजार की शुरुआत का। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुनील भार्गव, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी और स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. राकेश गुप्ता ने फीता काटकर इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीआईएचएम के प्रिंसिपल केके परिहार, शेफ गजराज सिंह शेखावत व नेहा शर्मा भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि स्टूडेंट्स के स्किल डेवलपमेंट के उद्देश्य से कैंपस में हर वर्ष यह फूड बाजार लगाया जाता है, जिसमें उन्हें कस्टमर से डील करने की स्किल्स सीखने को मिलती हैं। शुक्रवार को फूड बाजार का अंतिम दिन है।

मेजबान पीआईएचएम के डायरेक्टर सुनील भार्गव ने बताया कि फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स ने अपने सीनियर्स की गाइडेंस में ये डिशेज स्वयं तैयार की है और इस आयोजन के जरिए इन डिशेज को कस्टमर्स के समक्ष डिस्प्ले करने का मंच प्रदान किया गया है।



### स्नेक्स से लेकर डेजर्ट्स तक का स्वाद मौजूद

इस बार फूड बाजार के तहत आठ स्टॉल्स लगाई गई हैं, जिन पर स्टूडेंट्स द्वारा तैयार किए गए विशिष्ट महक वाले स्ट्रीट फूड से लेकर स्वादिष्ट डेसर्ट उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें छोला भटूरा, दाल मखनी, अंबाला लच्छा आलू टिक्की, रेड व व्हाइट पास्ता, बेक्ड पास्ता व चीज पास्ता, पिज्जा, वेज ग्रिल सेंडविच, रॉयल ब्लैक बर्गर तथा वड़ा पाव जैसी कुछ खास डिशेज हैं। डेसर्ट में क्रीम रोल, प्रालीन पेस्ट्री, पाइनेपल पेस्ट्री, चॉकलेट फज व फेयरी कप केक आकर्षण का केंद्र बने। इनके अलावा मॉकटेल्स में अपने खास स्वाद की वजह से फायर एंड आइस को सबसे ज्यादा पसंद किया गया और इसकी काफी डिमांड रही।

## Yuva स्टोरीज



**ट्रेनिंग सर्टिफिकेट मिले तो खिले चेहरे |**

**जयपुर।** प्लान इंडिया एनजीओ की ओर से झालाना स्थित अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी में जॉब ओरिएंटेड वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में नगर निगम जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर और वार्ड 40 पार्षद प्रत्याशी प्रतिनिधि सूरज नायक व समाज सेवी दिनेश सैनी ने भी शिरकत की। इस दौरान ट्रेनिंग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट व बैग किट वितरित किए गए। प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और संस्था में बिताए पलों को साझा किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों के चेहरों पर ट्रेनिंग पूरी करने की खुशी देखने लायक थी। संस्था के सीनियर मैनेजर सीपी अरुण व मास्टर ट्रेनर वारिस खान ने बताया कि सक्षम प्रोग्राम नाम से जॉब ओरिएंटेड वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स करवाया जाता है। इस बार 1600 पंजीयन हुए थे, उनमें से 1100 को रोजगार दिलवाया गया।



**बौद्धिक संपदा अधिकार पर विशेषज्ञों ने की चर्चा |**

**धौलपुर।** कमला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभाकक्ष में किया गया। अध्यक्षता डॉ. रामरज लाल शर्मा ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य आनंद टीटी कॉलेज भरतपुर डॉ. सुरेन्द्र सिंह एवं प्राचार्य शौर्या एजुकेशन टीटी कॉलेज, रूपबास डॉ. अनिल कुमार शर्मा रहे। कमला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युगल विहारी पाराशर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. नीतू तिवारी ने बताया कि इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. लाजपति शर्मा ऑफलाइन एवं एडवोकेट सौम्या शर्मा, कशिश तिवारी एवं श्वेता तिवारी ऑनलाइन रही। कार्यशाला में वक्ताओं ने साहित्यिक क्षेत्र में विद्वानों द्वारा लेखन कार्य का पेटेंट एवं कॉपी राईट के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वक्ताओं ने इस सम्बन्ध में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां देकर संभागियों का ज्ञान वर्धन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामरज लाल शर्मा, निर्देशक मनदीप शर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. एलपी शर्मा, नेक समन्वयक डॉ. मंजू तिवारी, डॉ. नीतू तिवारी, तृप्ति शर्मा, गजेन्द्र गिरी, पवन त्यागी, विष्णु श्रोती, डॉ. पी एस तिवारी, डॉ. ओपी उपाध्याय, डॉ. के के उपाध्याय, डॉ. अर्चना शर्मा, नीरज सिसोदिया एवं सभी संकाय सदस्य एवं महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## स्टूडेंट्स ने दिखाया स्पोर्ट्स में दम-खम



**जयपुर।** राज्य सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चल रहे खेल-कूद सप्ताह के तीसरे दिन छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत कम्प्यूटर सांइस एवं सिविल शाखा के बीच प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साइंस की टीम विजेता रही। दूसरी प्रतियोगिता यांत्रिकी एवं यांत्रिकी प्रोडक्शन के छात्रों के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता यांत्रिकी प्रोडक्शन टीम रही। तीसरी प्रतियोगिता के तहत छात्र खो-खो का आयोजन किया गया। कम्प्यूटर सांइस एवं सिविल के बीच हुए मैच में कम्प्यूटर साइंस टीम विजेता रही। वहीं छात्र खो-खो का दूसरा मैच एमपी एवं एमआर के बीच हुए जिसमें यांत्रिकी प्रोडक्शन टीम विजेता रही। छात्रा खो-खो के तहत आर्किटेक्चर एवं सिविल के बीच हुए मैच में आर्किटेक्चर टीम विजेता बनी। वॉलीबॉल के सेमीफाइनल मैच में यांत्रिकी (एम.ई.) टीम विजेता रही। क्रिकेट के यांत्रिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के मध्य हुए मैच में यांत्रिकी ने इलेक्ट्रोनिक्स टीम को हराया। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद जांगिड़ ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया एवं वीजेता टीम को बधाई दी।

## राज्य सरकार का IIT कानपुर के साथ एमओयू

# राज्य में बनेगा ब्लॉकचेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस




**बेधड़क** | जयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का दायरा बहुत विस्तृत हो गया है और हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से राजस्थान को ई-गवर्नेंस की दिशा में मॉडल स्टेट बनाएंगे।

कर्नल राठौड़ गुरुवार को भामाशाह डेटा सेंटर में राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड (आरआईएसएल) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लॉकचेन तकनीक के क्षेत्र में आईआईटी कानपुर ने विश्वस्तर पर अपनी विशिष्ट साख कायम की है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि 'लैब से लैंड' तक और 'रिसर्च से रियल टाइम यूजेज' तक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर सुरक्षित और बेहतर सुशासन की दिशा में कार्य करेगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि विभाग स्वास्थ्य, भूमि पंजीकरण और वित्तीय लेनदेन के कार्यों के साथ अन्य क्षेत्रों में भी देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ कार्य कर प्रदेशवासियों को विश्वस्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि राज्य का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग बेहतरीन आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने में पूरे देश में अग्रणी है।

### ई-गवर्नेंस की मजबूती के लिए अहम समझौता

कार्यक्रम में राज्य सरकार के उपक्रम आरआईएसएल और आईआईटी कानपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहमति के तहत प्रदेश में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। राजकॉम्प की ओर से आयुक्त इंद्रजीत सिंह तथा आईआईटी कानपुर की ओर से प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग आरती डोगरा ने कहा कि यह समझौता राजस्थान सरकार को ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और राज्य में ई-गवर्नेंस नवाचारों को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग आधुनिक प्रौद्योगिकी और नवाचारों के माध्यम से आमजन के जीवन को लगातार बेहतर बनाने के प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के एडवाइजर दीपक सिन्हा एवं डॉ. तनीमा हजरा के साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### दस्तावेजों की सुरक्षा में मिलेगी मदद

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने में सहायता करने वाली इस भागीदारी का उद्देश्य आधुनिक ई-गवर्नेंस प्रौद्योगिकियों के उपयोग में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाना और राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं के महत्वपूर्ण डेटा की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन-आधारित समाधान विकसित करना है। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से राजस्थान में भूमि, वित्तीय और स्वास्थ्य दस्तावेजों को सुरक्षित और व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार और आईआईटी कानपुर आपसी सहयोग से अन्य विषयों पर भी कार्य करेंगे।



## स्टूडेंट्स ने सीखे जीआईएस के विभिन्न प्रयोग

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से गुरुवार को एनआईआईटी विश्वविद्यालय, नीमराना के संयुक्त तत्वावधान में 'भौगोलिक सूचना प्रणाली तंत्र (जीआईएस) एवं विभिन्न अनुप्रयोग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), ड्रोन फोटोग्रामेट्री एवं अनुप्रयोग को सीखना था। एनआईआईटी विश्वविद्यालय, नीमराना के सहायक आचार्य व आईआईआरएस- इसरो आउटरीच प्रोग्राम के जीआईएस समन्वयक डॉ. थोटा शिवशंकर ने कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला में ड्रोन फोटोग्रामेट्री पर मौलिक जानकारी प्रदान की गई, जिसमें ड्रोन डेटा प्रोसेसिंग का लाइव प्रदर्शन भी शामिल था, जो आर्क जीआईएस-प्रो के अंदर किया गया। कार्यक्रम में भूस्थलीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक गहन अध्ययन किया गया। इसमें साइबर मैपिंग, जीआईएस और रोबोटिक्स नियंत्रण सम्मिलित किए गए। भूकंप, भूस्खलन, चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी एवं उसके प्रबंधन में ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम एवं रिमोट सेंसिंग ड्रोन से लेकर अर्बन प्लानिंग, ई-गवर्नेंस कृषि, परिवहन जैसे तमाम क्षेत्रों का महत्व बताया गया। कार्यशाला के माध्यम से संभावित कॅरिअर के विभिन्न पहलुओं को समझाया गया। कार्यशाला का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम बागेश्वरी के निर्देशन में हुआ। विभाग की प्राध्यापिकाओं अंकिता गुप्ता, शीलू, डॉ. रेणु शक्तावत एवं आरती तंवर की इसमें सक्रिय भूमिका रही। कार्यशाला भौगोलिक सूचना प्रणाली तंत्र (जीआईएस), भूस्थलीय प्रौद्योगिकी जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए आयोजित की गई एवं अनुप्रयोगों के संप्रेषण के साथ एमटेक पाठ्यक्रम के प्रवेश प्रक्रिया और कॅरिअर अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित किया।

## बच्चों ने सुनाई कहानियां



**जयपुर**। एमसीएस के प्राईमरी सेक्शन के बच्चों ने फन किंगडम में पिकनिक एंजॉय किया। इस दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चे विभिन्न गेम्स खेलते हुए एवं अटखेलियां करते हुए नजर आए। बच्चों ने एक दूसरे को रोचक कहानियां भी सुनाई एवं गेम्स खेले। कार्यक्रम संयोजक प्रिंसीपल श्वेतिका कपूर ने बताया कि बच्चों के लिए सभी गतिविधियां आवश्यक होती है एवं उनके विकास में इस तरह की गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है।

**इनोवेशन** | **IIT छात्रों ने विकसित किया एल्कोहल डिटेक्शन सेंसर**

# श्वास के माध्यम से बीमारियां डिटेक्ट करेगा सेंसर

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के स्टूडेंट्स ने कमरे के तापमान पर काम करने वाले धातु ऑक्साइड और नैनो सिलिकॉन पर आधारित एक मानव श्वांस सेंसर विकसित किया है। इस डिवाइस का उपयोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों में सांस में अल्कोहल की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है। साथ ही इसका उपयोग कुछ संवेदी परतों को बदलने और सेंसरों की एक श्रृंखला के उपयोग के बाद रोगों के लक्षण वर्णन के लिए भी किया जा सकता है। इस डिवाइस से जिन बीमारियों की पहचान की जा सकती है उनमें अस्थमा, डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज, स्लीप एप्निया और कार्डियक अरेस्ट शामिल हैं, जहां व्यक्ति की सांस में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की निगरानी की जाती है।



अनुसंधान को जैव प्रौद्योगिकी इग्निशन अनुदान योजना, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) और एमएसएमई मंत्रालय की ओर से वित्त पोषित किया गया था। यह शोध आईडीआरपी-स्मार्ट हेल्थकेयर, आईआईटी जोधपुर के पीएचडी छात्र निखिल वडेरा और आईआईटी जोधपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर साक्षी धानेकर द्वारा प्रकाशित किया गया था।

### आसानी से शेयर किया जा सकता है आउटपुट

प्रो. धानेकर ने बताया कि मौजूदा सेंसर ईंधन सेल-आधारित प्रौद्योगिकी या धातु ऑक्साइड प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। शोधकर्ताओं ने एक श्वांस वीओसी सेंसर विकसित करने का निर्णय लिया, जिसकी लागत मौजूदा ईंधन सेल प्रौद्योगिकी-आधारित डिवाइस से कम है। इसी तरह, टीम ने आंशिक रूप से कम ग्राफीन ऑक्साइड पर आधारित एक श्वांस निगरानी सेंसर विकसित किया है। धानेकर ने बताया कि इन दिशाओं में निरंतर अनुसंधान और विकास से स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण से लेकर पहनने योग्य प्रौद्योगिकी और आईओटी अनुप्रयोगों तक विभिन्न क्षेत्रों में श्वांस निदान के व्यावहारिक कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। सेंसर के आउटपुट को रास्पबेरी पाई से जोड़ा जा सकता है और डेटा को फोन पर भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मेरा स्टार्ट-अप 'सेंसेकृति टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' समाज के लाभ के लिए इनोवेशन करता है। टीम अनुसंधान में चुनौती को एक अवसर के रूप में देखती है और रचनात्मकता, दृढ़ता और असाधारण टीम वर्क का उपयोग करके इसे हल करती है।

# खामोश हुई रेडियो की आवाज, अलविदा अमीन साहब



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आखिरकार वह शानदार-जानदार आवाज खामोश हो गई, जो लाखों लोगों के दिलों पर राज करती थी। जिस आवाज से जुड़कर, मुल्क का आम आदमी भी एक अपनापन महसूस करता था। कुछ वक्त के लिए ही सही, वह अपना गम-ओ-रंज भूल जाता था। आजादी के बाद जिन लोगों ने रेडियो को आम आदमी तक पहुंचाया, उसकी मकबूलियत बढ़ाई, उनमें सबसे अव्वल नंबर पर अमीन सयानी का नाम था। एक दौर था, जब अमीन सयानी ही रेडियो की आवाज थे। उसकी पहचान थे। रेडियो की आवाज के मायने अमीन सयानी थे। हफ्ते में एक बार बुधवार के दिन पूरी फैमिली साथ बैठती और उनमें से एक मेंबर रात के आठ बजने से पहले रेडियो सीलोन ट्यून करता। रेडियो पर जैसे ही उनका सुपर हिट प्रोग्राम 'बिनाका गीतमाला' शुरू होता, तो वक्त जैसे थम जाता। बेहद जोश-ओ-खरोश और मेलोडियस अंदाज में रेडियो पर जब ये आवाज गूंजती 'जी हां भाइयों और बहनों, मैं हूं आपका दोस्त अमीन सयानी और आप सुन रहे हैं बिनाका गीतमाला...', तो एक जादू सा तारी हो जाता। लोग दिल थाम कर बैठ जाते। फिल्मी गानों की इस हिट परेड को लेकर तमाम कयास लगाए जाते। मोहल्लों के नुक्कड़ और चौराहों पर फिल्मी गीतों के दीवानों के बीच यह शर्त लगतीं कि आज के प्रोग्राम में कौन सा गाना किस पायदान पर रहेगा, तो कौन सा टॉप पायदान पर? ऐसी आलमी शोहरत बहुत कम रेडियो प्रोग्राम और एनाउंसर को हासिल हुई है। यह सब अब एक तवारीख है।

अमीन सयानी ने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से अपनी आला तालीम मुकम्मल की। उसजमाने में उन्होंने थिएटर भी किया। क्लासिकल म्यूजिक सीखा। वे बहुत अच्छा गाया करते थे और उनकी ख्वाहिश सिंगर बनने की थी। लेकिन आगे चलकर उनकी आवाज फट गई और गाना मुश्किल हो गया। यही वजह है कि बाद में उन्होंने सिंगर बनने का इरादा छोड़ दिया। अमीन सयानी का वास्ता रेडियो से कैसे हुआ, इसका किस्सा कुछ इस तरह से है। उनके बड़े भाई हामिद सयानी एक बेहतरीन ब्रॉडकास्टर थे। रेडियो सीलोन में वे प्रोड्यूसर थे। उन्होंने ही सबसे पहले अमीन सयानी का रिश्ता रेडियो से जोड़ा। हामिद सयानी के मशवरे पर अमीन सयानी ने ऑल इंडिया रेडियो में हिंदी ब्रॉडकास्टर के लिए आवेदन किया। अब इस बात पर शायद ही कोई यकीन करे कि उनकी आवाज रेडियो के लिए रिजेक्ट कर दी गई थी। इस वाकिआत के बाद अमीन सयानी के दिल को काफी धक्का लगा। वे निराश हो गए। अपने गाइड और उस्ताद हामिद सयानी के पास पहुंचे, तो उन्होंने अमीन से रिकॉर्डिंग के दौरान रेडियो स्टेशन के हिंदी कार्यक्रमों को सुनने के लिए कहा। अमीन सयानी ने ब्रॉडकास्टिंग का फन सीखने और उसे फॉलो करने में अपना जी-जान लगा दिया। आगे चलकर उन्हें इसका सिला मिला।



अमीन सयानी

**स्मृति शेष**

> *"श्रोताओं की पसंद और मांग को देखकर इसमें बीच-बीच में तब्दीलियां जरूर होती रहीं। मसलन प्रोग्राम में गानों की तादाद सात से बढ़कर सोलह हुई, तो 'बिनाका गीतमाला' के जानिब लोगों की दीवानगी को देखकर, प्रोग्राम का समय आधे घंटे से बढ़ाकर एक घंटा हुआ।"*

बीसवीं सदी के पांचवे दशक में रेडियो सीलोन पर हामिद सयानी की पेशकश में अंग्रेजी गीतों का एक प्रोग्राम बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहा था। इस कामयाबी से मुतास्सिर होकर एड कंपनी ऐसा ही एक प्रोग्राम हिंदी फिल्मी गीतों का भी करना चाहते थे। अपनी यह चाहत उन्होंने हामिद सयानी को बयान की। हामिद सयानी ने यह प्रोग्राम खुद न करते हुए अमीन सयानी को इसके लिए राजी कर लिया। इस तरह रेडियो पर एक शानदार प्रोग्राम के सफर का आगाज हुआ। प्रोग्राम का नाम 'बिनाका गीतमाला' था।

आज से सात दहाई पहले यानी 3 दिसंबर, 1952 को सात गानों की सीरीज का पहला प्रोग्राम रिले किया गया। प्रोग्राम खूब पसंद किया गया। पहले ही प्रोग्राम से इसे जो कामयाबी मिली, फिर अमीन सयानी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस प्रोग्राम ने बीस साल के अमीन सयानी की जिन्दगी बदल कर रख दी। वे रातों-रात आवाज की दुनिया में स्टार बन गए। रेडियो सीलोन में पहले प्रोग्राम के बाद, 'बिनाका गीतमाला' की तारीफ में श्रोताओं के तकरीबन नौ हजार खत पहुंचे। यह सिलसिला आगे भी कायम रहा। एक दौर ऐसा भी आया, जब हर हफ्ते खत की तादाद पचास हजार तक पहुंच गई। रेडियो और आवाज की दुनिया में यह एक इंकलाब था। इससे पहले किसी प्रोग्राम को इतनी बड़ी कामयाबी नहीं मिली थी। रेडियो सीलोन और फिर उसके बाद आकाशवाणी के विविध भारती पर प्रसारित 'बिनाका गीतमाला' की चालीस बरस से भी ज्यादा समय तक, देश में ही नहीं दुनिया के कई देशों में धूम रही। दुनिया में कोई दूसरा रेडियो या टीवी प्रोग्राम इतने लंबे वक्त और एक साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और खाड़ी के मुल्कों में मकबूल नहीं रहा। इस प्रोग्राम के चाहने वाले दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व, पूर्वी एशिया और यूरोप के कुछ मुल्कों में भी थे। आज भी यह रिसर्च का मौज़ूअ है कि इस कामयाबी के पीछे हिंदी फिल्मी नग़मों का जादू था या अमीन सयानी की चहकती आवाज, या फिर प्रोग्राम को पेश करने का उनका दिलकश अंदाज। गोया कि वे जो भी कुछ बोलते, श्रोताओं के दिल को छू जाता। दुनिया भर के लाखों श्रोताओं के लिए अमीन सयानी सिर्फ एक रेडियो जॉकी भर नहीं थे, बल्कि वे उनके परिवार का हिस्सा हो गए थे। अलविदा अमीन साहब! जब-जब मुल्क में रेडियो का जिक्र छिड़ेगा, उसके सदाबहार प्रोग्रामों की बात होगी, आप हमेशा याद आओगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पिछले साल के अंत में कराए गए सर्वे को बनाया आधार

# स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती सजगता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"भले ही आर्थिक विसमता दिन दूनी बढ़ रही हो पर जिस तरह से मॉल्स संस्कृति से आम आदमी जुड़ने लगा है उससे तो यह तो साफ हो जाना चाहिए कि इन मॉल्स ने लोगों में आर्थिक आधार पर भेदभाव या आर्थिक हीनता को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम है। सर्वे के अनुसार 73 फीसदी लोग हेल्दी फूड पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया है।"*



अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ गई है। हांलाकि स्वास्थ्य पर पहले भी ध्यान दिया जाता रहा है पर अब स्वास्थ्य के प्रति लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझा जाता है। पिछले साल के अंत में कराए गए सर्वे में लोगों का मूड साफ हो गया है कि अब लोग स्वास्थ्य, युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टीप्स पर जोर देने लगे हैं।

अब एक बात साफ हो जानी चाहिए कि कोरोना के बाद देश दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। आज लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा हैं जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि हालिया एक सर्वे के अनुसार 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर में ही खरीद कर रखने का विचार रखने लगे हैं ताकि घर पर ही उपयोग किया जा सके। जहां तक बचत की बात है आज लोगों की प्राथमिकता चाहे कर्ज ही लेना पड़े पर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करना भी होती जा रहा है। दरअसल कोरोना के अनुभव के साथ साथ ही आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी हौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरी पेशा जिंदगी, पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प द्वारा पिछले दिनों दिसंबर, 2023 में ही किए गएऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। देखा जाए तो कोरोना के बाद का यह बड़ा बदलाव है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। अब तो स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां सामने आ रही है। हांलाकि मेडिकल इंश्योरेंस को निजी अस्पतालों द्वारा आय का साधन बनाना वाद-विवाद का विषय है पर इस समय उस पर चर्चा करना विषयांतर होगा।

हांलाकि एक अच्छी बात यह है कि लोगों का पौष्टिक भोजन के प्रति रुझान बढ़ा है। समाज के किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो वह आज अच्छा खाने में विश्वास रखने लगा है। बड़े-बड़े मॉल तक आम आदमी की पहुंच आसान हो गई है। डी मार्ट, रिलायंस, स्मार्ट बाजार, नेशनल हैण्डलूम, विशाल या इसी तरह के मार्ट में आम आदमी को खरीदारी करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। यह बदलाव का संकेत हैं। भले ही आर्थिक विसमता दिन दूनी बढ़ रही हो पर जिस तरह से मॉल्स संस्कृति से आम आदमी जुड़ने लगा है उससे तो यह तो साफ हो जाना चाहिए कि इन मॉल्स ने लोगों में आर्थिक आधार पर भेदभाव या आर्थिक हीनता को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम है। सर्वे के अनुसार 73 फीसदी लोग हेल्दी फूड पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया है। दरअसल स्वास्थ्य के प्रति सजगता का कारण कोरोना के दौरान सामने आए अनुभव है। कोरोना के कारण जब सब कुछ थम सा गया तब यह बात सामने आ गई कि इम्यूनिटी कमजोर होगी तो फिर आप कभी भी किसी भी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हो तो दूसरी और यह भी कि कोरोना ने अपनों से बिछुड़ते और अनादि काल से चले आ रही परंपराओं तक को ताक में रख दिया था। हम कोरोना से प्रभावित अपनों का ही अपने हाथों अंतिम संस्कार तक नहीं कर सकते थे तो घर में किसी के भी कोरोना संक्रमित होने पर एक तरह से देखा जाए तो चंद दिनों के लिए तो समाज यहां तक कि आसपास वालों से भी बहिष्कृत होने का दंश भुगत चुके हैं। आइसोलेशन की पीड़ा को सही मायने में कोरोना ने अच्छी तरह से समझा दिया।

वैसे भी देश दुनिया में तेजी से नित नई बीमारियां बढ़ती जा रही है। मच्छर जनित बीमारियां तो अब मौसम के साथ साथ नित नए रूप में अपना प्रभाव दिखाने लगी है। इसके साथ ही लाख दावे किए जाते हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि बीमारियों का इलाज भी दिन प्रतिदिन महंगा होता जा रहा है। एकाकी जीवन, दिन प्रतिदिन की भागदौड़, अंधी प्रतिस्पर्धा और दूसरे से अधिक पाने की चाहत में शारीरिक और मानसिक दोनों ही तरह की पीड़ा देने लगी है। मानसिक संत्रास, कुंठा, डिप्रेशन, अनिद्रा आदि तो आज की युवा पीढ़ी में आम होती जा रही है और यह सब तो तब है जब लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होने लगे हैं। स्वास्थ्य जागरूकता और पहली प्राथमिकता में हेल्थ को रखना अच्छी बात है। यह होना भी चाहिए क्योंकि हमारे यहां तो कहा जाता रहा है कि पहला सुख निरोगी काया। व्यक्ति का मन और तन दोनों विकार रहित होने चाहिए। हांलाकि स्वास्थ्य के साथ ही दूसरी प्राथमिकता में कर्ज लेकर भी निवेश बढ़ाने पर जोर से मानसिक तनाव को आमंत्रित करना भी सामने आ रहा है। लोन की किश्त के चक्कर में मानसिक दबाव स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में निवेश करना अच्छा है पर कर्ज के मकड़जाल में उलझने से बचने का प्रयास करते हुए निवेश पर जोर दिया जाए तो अधिक सही हो सकता है। केवल देखा देखी व एक दूसरे की होड़ में तनाव को ओढ़ना किसी भी हालत में सही निर्णय नहीं हो सकता। युवा पीढ़ी को इस दिशा में भी सोचना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# रोजगार के नए पाठ्यक्रम



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

विश्व विद्यालय के बाहर का दृश्य। चाय-पान की थड़ियों पर टहलते-घूमते शिक्षक व छात्र। एक शिक्षक बहुत ही लापरवाही से बिना किसी संकोच के एक छात्र से बात कर रहा है। "तो फिर तुमने क्या सोचा?"

मैंने सोच लिया सर? छात्र बोला। शिक्षक ने पूछा- "क्या सोचा है?"

"यह कि शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन के बिना नयी पीढ़ी को नहीं संभाला जा सकता?"

"क्या मतलब?" शिक्षक ने पूछा। छात्र बोला- "सर व्यावसायोन्मुखी शिक्षा के लिए रोजगार के नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।"

"मसलन, अच्छी तरह समझाओ।" वैसे तो समझाने का कार्य आपका है। लेकिन उल्टी गंगा बहा देते हैं। "हां, बहाओ गंगा या जमुना।"

"मेरा राय में एम.ए., बी.ए. को बंद करके नए सिरे से पाठ्यक्रम पर विचार होना चाहिए। नयी पीढ़ी की रूचियों तथा भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए युग के नए पाठ्यक्रम हाथ में लेने चाहिए।" छात्र बत्तीसी निकालकर कहता है। तभी दूसरे शिक्षक बातचीत कर रहे शिक्षक को दूसरी ओर ले जाते हैं।" इस बार चाय को सिप करते हुए वही छात्र व शिक्षक स्कूलों पर बैठे हैं। छात्र सिगरेट का धुआं शिक्षक के चेहरे पर मारकर कहता है- "सर, प्राथमिक शिक्षा से ही चालाकी, बदमाशी तथा दगाबाजी की शिक्षा दी जानी चाहिए।" वह तो बिना दिए ही चल रही है। समझने की कोशिश करिए। बिना प्रमाण-पत्र के मानेगा कौन? फिर माध्यमिक शिक्षा में यही विस्तृत कोर्स व्यापक स्तर पर पढ़ाया जाना चाहिए। इसमें हम मक्कारी, आलस्य तथा चोरी आदि के पाठ्यक्रम और शामिल कर सकते हैं। "लेकिन इससे होगा क्या?"

जिस व्यवसाय में हमारे छात्र कोई कीर्तिमान कायम कर सकते हैं, वे ये ही तो हैं। इनमें नयी पीढ़ी की रूचि भी है। इसके बाद कॉलेज शिक्षा में हम अशिष्टता, भ्रष्टाचार व बेईमानी के कोर्स चला सकते हैं। इसके अलावा कुछ डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रेम-प्यार, अश्लील हरकतों तथा हिंसा पर भी प्रारंभ कर सकते हैं। "आयडिया तो बुरा नहीं है। अभी तो चलूं। कल मिलते हैं।" वहीं चाय की थड़ी पर दोनों खींसे निपोरते हुए- "सर कल की बात आगे शुरू करूं?"

"हां, क्यों नहीं।" छात्र बोला-"विश्वविद्यालय स्तर पर हम लोग गुण्डागर्दी, हत्या, बलात्कार, आगजनी, आतंकवाद और अलगाववाद आदि के विस्तृत पाठ्यक्रम ले सकते हैं। इसी तरह पीएच.डी.के लिए अनाचार, अत्याचार तथा अन्याय के पक्ष में अच्छा शोध ग्रंथ लिखने वाले को लिया जा सकता है।" शिक्षक बोला- "लेकिन सभी स्तर की शिक्षाओं में इसके अलावा हो भी क्या रहा है?" ठहाका लगाता है और शिक्षक छात्र से गुटका मांगकर फांक जाता है तथा चला जाता है।

## नॉलेज कॉर्नर: चार हजार साल से किया जा रहा इस्तेमाल

# दुनिया में इस तरह से आया प्याज!

इंसानों को रुलाने वाले प्याज का इस्तेमाल 4 हजार सालों से किया जा रहा है। इसकी उत्पत्ति इससे भी ज्यादा पुरानी है। दिलचस्प बात यह भी है कि प्याज ऐसी फसल है जो दुनियाभर के ज्यादातर देशों में पैदा होती है, इसके बावजूद इसकी कीमतें रिकॉर्ड बनाती हैं। भारत और चीन प्याज के उत्पादन में सबसे आगे हैं, इसके बावजूद इसे सबसे ज्यादा खाने वाले देशों में भारत-चीन शामिल नहीं है। प्याज एक बार फिर यह चर्चा में है। मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्याज के निर्यात पर लगा बैन हटा दिया है। अक्सर प्याज की कीमतें आसमान को छूती हैं, लेकिन ये रिकॉर्ड यूं ही नहीं बनते। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं दुनियाभर में होने वाले प्याज के उत्पादन के बारे में...

### प्याज की उत्पत्ति पर कई दावे

नेशनल अनियन एसोसिएशन कहती है, खानपान के इतिहास और पेड़-पौधों की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ यह मानते हैं कि प्याज की उत्पत्ति सेंट्रल एशिया में हुई। कुछ अध्ययनों में यह दावा किया गया कि पहली बार प्याज को ईरान और पश्चिमी पाकिस्तान में उगाया गया। ऐसा माना जाता है कि इनके पूर्वजों ने बहुत पहले ही जंगली प्याज की खोज कर ली थी और उसे खाना शुरू कर दिया था, इसकी खेती से भी पहले। यह भी संभव है कि प्याज प्रागैतिहासिक काल में आहार का



प्रमुख हिस्सा था। अधिकांश शोधकर्ता इस बात से सहमत हैं कि प्याज की खेती 5000 साल या उससे अधिक समय से की जा रही है। हालांकि प्याज विभिन्न क्षेत्रों में जंगली पौधे के रूप से उगता था। प्याज एक ऐसी चीज रहा है जो लम्बे समय तक रखने से खराब नहीं होता। खाने को स्वाद देने के अलावा यह भी इसकी एक खूबी रही है। यही वजह रही कि खाने-पीने वाली चीजों में प्याज सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट करने वाली चीजों में जगह बनाने लगा।

### ईश्वर की आराधना का प्रतीक बना

मिस्र में प्याज को लेकर अलग-अलग ही रीति-रिवाज हैं। प्राचीन मिस्र में प्याज को ईश्वर की आराधना का हिस्सा माना जाता रहा है। मिस्र के लोग मानते हैं इसकी संरचना इंसानी जीवन की तरह है। जिस तरह एक के बाद इसकी पर्त हटती हैं, इंसानों का जीवन भी उसी तरह है। यही वजह रही है कि यहां इंसानों को दफनाते समय प्याज रखने की परंपरा है। कई बार ममी के साथ प्याज मिलने की पुष्टि भी हुई है। प्याज का उल्लेख अंतिम संस्कार की भेंट के रूप में किया गया है, इसे बड़े उत्सवों की तस्वीरों में दर्शाया गया। इसके इंसान के जीवन के अनंतकाल का प्रतीक भी माना गया।

**175 देशों में प्याज की खेती**

*संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भारत सहित दुनिया के 175 देश प्याज की खेती करते हैं। गेहूं पैदा करने वाले देशों के मुकाबले प्याज की खेती करने वाले देशों की संख्या करीब दोगुनी है। खाने में इसका अधिक इस्तेमाल होता है, इसलिए कई देश इसे दुनिया का एकमात्र वैश्विक खाद्य पदार्थ भी मानते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन


**X**



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
विपक्ष मोदी को जितनी गाली देगा, 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा।



**राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद
@RahulGandhi
किसान MSP मांगें, तो उन्हें गोली मारो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? जवान नियुक्ति मांगें, तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? पूर्व गवर्नर सच बोलें, तो उनके घर CBI भेज दो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी? सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रिज़ कर दो- ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी?



**दीया कुमारी**, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
राजस्थान की आन-बान और शान महाराणा प्रताप जी से संबंधित टूरिस्ट सर्किट के विकास से पर्यटन के साथ साथ गौरवशाली इतिहास को संजोने का हमारा प्रयास।

## भाजपा ने ओडिशा में तेज की चुनावी तैयारियां: कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर मंथन

# भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त किया: राजनाथ

एजेंसी | बेरहामपुर/नबरंगपुर (ओडिशा)



आम चुनावों से पहले भाजपा ने ओडिशा में चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को राज्य के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नबरंगपुर में तीन लोकसभा क्षेत्रों नबरंगपुर, कालाहांडी और बोलांगीर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने बेरहामपुर शहर के पास अंबपुआ में एक जनसभा के संबोधित किया। इसमें बेरहामपुर, अस्का, भुवनेश्वर, कंधमाल और पुरी जैसे पांच लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। सिंह ने इन कार्यक्रमों में दावा किया कि भाजपा ने कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को समाप्त किया है और वादों को पूरा करके लोगों का विश्वास हासिल किया है। सिंह गुरुवार को ओडिशा के दौरे पर थे। उन्होंने

रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव के बाद लोगों से किए गए वादे 'भूल' जाती थी और इसलिए लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था, लेकिन भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा करके लोगों का भरोसा जीता है। इस प्रकार राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। जनता को अब प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। रक्षा मंत्री ने कहा, इस बार ओडिशा में भाजपा को सरकार बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों को गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में जानकारी दें। सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से ओडिशा में डबल इंजन सरकार बनाने का संकल्प लेने की अपील की

### 2014 के बाद से चीजें बदली

रक्षा मंत्री ने आगे कहा लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चीजें बदली हैं। आप हमारे चुनाव घोषणापत्र को देख सकते हैं और आप पाएंगे कि सभी वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का वादा किया था और सभी वादे पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि भाजपा जो वादे करती हैं, उन्हें पूरा करती है।

### भाजपा करती है राष्ट्र निर्माण की राजनीति

रक्षा मंत्री ने कहा, हम (भाजपा) लोगों की सेवा करने की और राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं केवल देश पर शासन करने की नहीं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर तेजी से प्रगति कर रहा है और वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से दिन के 12 घंटे पार्टी के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र में मोदी सरकार बने और ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बने।

### ओडिशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत

सिंह ने कहा, ओडिशा को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि हम यहां सरकार बनाएंगे। मेरा ओडिशा के साथ भावनात्मक लगाव है। हमने कांग्रेस के शासन के दौरान भारत सुरक्षा यात्रा निकाली थी। मैंने यात्रा की शुरुआत ओडिशा से की थी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओडिशा पर विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 10 वर्षों में राज्य को केवल तीन लाख करोड़ रुपए दिये थे, जबकि भाजपा नीत राजग सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद राज्य को 18 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित किए हैं।

## जरूरी खबर

### अखिलेश 25 को राहुल की न्याय यात्रा में होंगे शामिल



**आगरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे की बात तय होने के बाद अब अखिलेश यादव राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। अखिलेश यादव ने कहा था कि जब तक सीटों पर बात नहीं बनती है, तब तक वो राहुल गांधी की यात्रा में शामिल नहीं होंगे। सपा ने गुरुवार को कहा कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आगरा में 25 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। कांग्रेस नेता सपा के कार्यालय पहुंचे और अखिलेश यादव यादव को आगरा में यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। सपा के राष्ट्रीय सचिव ने राजेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने निमंत्रण पत्र अखिलेश यादव को दिया।

### मांझी की पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पटना में 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसमें राज्यभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में पार्टी के कार्यकर्ता राजग को लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि दलित और मांझी समाज के लोग वोट देने से वंचित रह जाते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से दलित और वंचित समाज के लोगों को वोट के प्रति जागरूक किया जाएगा और राजग को विजयी बनाएंगे। उन्होंने तेजस्वी पर भी सियासी हमला किया।

## भाजपा के सामने होगा एकजुट विपक्षी गठजोड़


# दिल्ली में कांग्रेस-आप सीटों के बंटवारे पर राजी

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करीब-करीब तय हो चुका है। कांग्रेस पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे चुकी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में हरियाणा, गुजरात व गोवा में भी सीटों के बंटवारे पर लगभग सहमति हो चुकी है। राजनीकि विश्लेषकों के अनुसार दोनों पार्टियों के मिलकर चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा के सामने चुनौती बढ़ सकती है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में तीन सीटों की पेशकश की है। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी 7 सीटों पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। अब कांग्रेस और आप मिलकर भाजपा को टक्कर देना चाह रही है। पिछले चुनाव में भाजपा का वोट शेयर सभी 7 सीटों पर 50 फीसदी से ज्यादा था। भगवा दल को अकेले 56.9 प्रतिशत वोट मिले थे। उधर, पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आपसी सहमति से अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को आम आदमी पार्टी ने चांदनी चौक सीट पूर्वी दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट सीट सीट देने का प्रस्ताव दिया है। वहीं, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से आम आमदी पार्टी अपने उम्मीदवार खड़े कर सकती है।



### कौन कहां से लड़ सकता है चुनाव

- कांग्रेस: चांदनी चौक पूर्वी दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट
- आप: नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली व नॉर्थ वेस्ट दिल्ली



### अन्य राज्यों में सहमति के सुरों को मिला बल

सूत्रों के मुताबिक- दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों में भी गठबंधन तय हो गया है। दिल्ली के अलावा गुजरात की दो सीटें कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को दे दी हैं। गुजरात की भरूच और भावनगर सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा चंडीगढ़ की सीट आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दी है। गोवा में आम आदमी पार्टी ने साउथ गोवा सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन अब आम आदमी पार्टी यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ेगी। कांग्रेस हरियाणा की एक सीट आम आदमी पार्टी को देगी।

### 2019 में अलग-अलग लड़ी थी आप-कांग्रेस

2019 के लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। जहां कांग्रेस 5 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी, वहीं आप केवल 2 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी। इस बार अगर दोनों दल मिलकर भी चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा के 56 प्रतिशत वाले आंकड़े को दोनों दल कैसे पार कर पाएंगे ये देखना रोचक होगा।

### कार्यस्थलों का होगा लैंगिक ऑडिट

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य के कार्यस्थलों पर लैंगिक ऑडिट (जेंडर ऑडिट) कराया जाएगा। जिसके बाद पुरुषों के बराबर महिलाओं के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। महिला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विजयन ने कहा कि महिलाओं के लिए नौकरियों को ज्यादा अनुकूल बनाया जाना चाहिए। विजयन ने कहा कि पहले केवल महिलाओं को शिक्षित करने पर जोर दिया जाता था, लेकिन अब समय की मांग है कि उन्हें कार्यस्थलों में भाग लेने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों में छात्राओं के लिए मासिक धर्म की छुट्टी शुरू करने वाला केरल अब देश में एक रोल मॉडल बन गया है। उच्च शिक्षा पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए विजयन ने कहा कि केरल में उच्च शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक है।

## दिल्ली: मंत्री आतिशी का आरोप

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी की साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि आप नेताओं को मैसेज आया है। जिसमें इंडिया गठबंधन छोड़ने को कहा गया है। गठबंधन करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी गई है। दो दिन में सीबीआई का नोटिस आ सकता है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी की साजिश रची जा रही है।

मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा से कहना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल और हम इनकी जेल भेजने की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। अगर ये 'आप' के सभी नेताओं और विधायकों को भी जेल में डाल देंगे तो आप का एक-एक कार्यकर्ता नेता के तौर पर खड़ा हो जाएगा और देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेंगे।

आतिशी ने आम आदमी पार्टी के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा कि लोकतंत्र जनता का शासन होता है। जनता को वोट देकर किसी भी पार्टी को चुनने का अधिकार होता है। किसी भी पार्टियों को गठबंधन करने का अधिकार है। आपको लगता है कि आप गिरफ्तार करने की धमकी देकर हमें डरा सकते हैं। हम डरने वालने नहीं है। आप चाहे जितनी धमकियां दे लीजिए, फांसी पर टांग दीजिए आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल डरने वाले नहीं हैं।

### केजरीवाल को समन जारी, 26 को बुलाया

इस बीच,प्रवर्तन निदेशालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को उसके समक्ष पेश होने के लिए 7वां समन जारी किया है। केजरीवाल को 26 फरवरी को वित्तीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, सोमवार को केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी के छठे समन पर भी उपस्थित नहीं हुए थे।

## कर्नाटक: मंदिरों पर 10 प्रतिशत टैक्स का प्रस्ताव

# भाजपा ने किया विरोध, कांग्रेस सरकार को बताया हिंदू विरोधी

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को पारित 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र ने कहा, कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। उन्होंने कहा कि ये सरकार मंदिरों की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा। येदियुरप्पा ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों को ही क्यों निशाना बना रही है। जिन मंदिरों का राजस्व एक करोड़ रुपए से ज्यादा है, उन पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा।



## संघ-भाजपा पर तीखा हमला

# मौर्य मैदान में, नई पार्टी का किया गठन

एजेंसी | नई दिल्ली/लखनऊ

समाजवादी पार्टी और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को नई दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में एक कार्यक्रम में नई के गठन की घोषणा की। नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) होगा।

इस मौके पर उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। कार्यक्रम में मौजूद स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों ने दलितों और पिछड़ों के लिए आवाज उठाने का प्रण लिया।



ज्ञात रहे कि मौर्य ने गत दिनों पहले सपा के महासचिव पद से इस्तीफा दिया और बाद में पार्टी भेदभाव का आरोप लगाते हुए पार्टी सदस्यता और एमएलसी पद से त्यागपत्र दे दिया था। उनके इस कदम को लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीति के जानकारों के अनुसार, स्वामी के इस कदम से राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा नुकसान समाजवादी पार्टी को ही होगा। मौर्य कहा कि भाजपा और आरएसएस का जो इतिहास है, इस बात का गवाह है कि इस देश की आजादर में उनके परिवार और कुनबे का कोई व्यक्ति हिस्सेदार नहीं रहा है इसलिए देश से उन्हें कोई लगाव नहीं है। ये देश की पहली सरकार है जो कि देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया को करेंगे मजबूत

मौर्य ने कहा,हम भाजपा को केंद्र से हटाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया को मजबूत करेंगे. हम उनके नेताओं से बात करेंगे। भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर मैं सभी बलिदान देने के लिए तैयार हूं। मौर्य ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए मौर्य ने कहा,केंद्र सरकार किसानों पर लाठीचार्ज कर रही है, उनकी गलती क्या है? वे सिर्फ MSP की गारंटी मांग रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल की चिट्ठी

# संदेशखाली पर चढ़ा सियासी पारा, पीएम मोदी का बंगाल दौरा 6 मार्च को

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल इन दिनों संदेशखाली की घटनाओं को लेकर उबल रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच वार पलटवार का सिलसिला जारी है। इसकी सियासी आंच राजधानी दिल्ली तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अगले महीने छह मार्च को पश्चिम बंगाल के दौरे का कार्यक्रम है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पीए मोदी संदेशखाली के पास एक महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात भी कर सकते हैं। पीएम मोदी इस साल अप्रेल- मई तक होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों का दौरा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी का यह दौर भी लोकसभा चुनावों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। भाजपा संदेशखाली की घटनाओं को लेकर काफी हमलावर है। वहीं टीएमसी नेता भी भाजपा पर राज्य में माहौल खराब करने का आरोप लगा रहे हैं।





संदेशखाली मामले के सामने आने के बाद से ही भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के नेता घटनास्थल का दौरा करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, बंगाल प्रशासन ने शुरुआत में नेताओं को संदेशखाली नहीं जाने दिया, जिसके बाद हाई कोर्ट की अनुमति लेने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत भाजपा के कुछ विधायकों संदेशखाली पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली तब चर्चा में आया था जब गत माह प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी सुरक्षा बलों की टीम के साथ राशन घोटाला मामले की जांच के सिलसिल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर छापा मारने पहुंचे। शाहजहां शेख तो मौके से फरार हो गया जबकि भीड़ ने ईडी व सुरक्षाकर्मियों की टीम पर हमला कर दिया। बाद में इस मामले में जांच शुरू हुई। महिलाएं भी आंदोलन में आगे आ गई। उन्होंने शाहजहां शेख व उसके कुछ साथियों पर यौन उत्पीड़न व जमीनों पर जबरन कब्जा करने के आरोप लगाए। इसके बाद मामला हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा गया। इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की टीम गुरुवार सुबह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली पहुंची। इस दौरान वहां के लोगों के साथ बातचीत की, तो जबरन जमीन हड़पने और प्रताड़ना की 23 से अधिक शिकायतें मिलीं। इससे पहले पश्चिम बंगाल के डीजीपी भी संदेशखाली का दौरा कर चुके हैं।

### एनसीएसटी को मिली 23 से अधिक शिकायतें

एनसीएसटी के कार्यवाहक उपाध्यक्ष अनंत नायक ने कहा कि उन्हें एक नेता के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। इसके बारे में वे राष्ट्रपति को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में बताएंगे। हमें अब तक 23 से अधिक शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा, हम इसकी जमीनी रिपोर्ट से तुलना करेंगे और फिर इसे राष्ट्रपति को सौंपेंगे। नायक ने कहा, यहां के लोगों के दिलों में अभी भी डर है। हमने पश्चिम बंगाल के डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। ऐसा नहीं होना चाहिए, अन्यथा बिरसा मुंडा जैसा कोई सामने आ सकता है।

### संदेशखाली मामले पर हमारी नजर: शशि

संदेशखाली विवाद पर टीएमसी नेता व राज्य की मंत्री शशि पांजा ने कहा, हम चीजों को झुठलाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। संदेशखाली मामले पर हमारी नजर है, अगर आप कुछ कहना चाहते हैं तो कह सकते हैं। राज्य के एक पुलिस अधिकारी को कथित रूप से अपमानजनक शब्द कहने के मुद्दे पर शशि पांजा ने कहा कि भाजपा नेता, फिर चाहे वो केंद्र के हों या फिर राज्य स्तर के, वे मानते हैं कि लोगों को देश विरोधी घोषित करना, उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। दुर्भाग्यपूर्ण बात ये है कि उनके पास माफी मांगने की भी हिम्मत नहीं है और उन्हें कोई पछतावा भी नहीं है।

### सभी की शिकायत सुनेगी पुलिस: पुलिस महानिदेशक

उधर,राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार का कहना है कि कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुमार बुधवार को संदेशखाली गए थे। उन्होंने वहां महिलाओं पर अत्याचार करने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुमार ने गुरुवार सुबह धमाखालि में संवाददाताओं से कहा, हम प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत सुनेंगे। अगर लोग अत्याचार में शामिल पाए जाते हैं, तो हम उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे।

## जरूरी खबर

### मैतेई को ST सूची में शामिल करने संबंधी पैरा हटाया

**इंफाल।** मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने को लेकर राज्य सरकार को दिए निर्देश से जुड़े आदेश में संशोधन कर दिया है। मणिपुर हाईकोर्ट की जिस पीठ ने फैसला सुनाया है, उसमें चीफ जस्टिस के अलावा न्यायाधीा गोलमेई गाइफुलशिल्लू भी शामिल थे। हाईकोर्ट के पुराने आदेश को संशोधित करते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और जस्टिस गाइफुलशिलु ने साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (iii) हटाया जा रहा है। लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में जनजातीय संघर्ष हुआ।

### जयशंकर मार्च में कोरिया व जापान की यात्रा करेंगे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर पांच से आठ मार्च, 2024 तक भारत के दो रणनीतिक साझीदार देशों दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर जाएंगे। जयशंकर पहले दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा करेंगे जहां वह भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दोनों देशों के रिश्तों में हाल के दिनों में लगातार हो रहे सुधार को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा को काफी महत्वपूर्ण करार दिया है जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के हर आयाम की समीक्षा की जाएगी।

### सामुदायिक रसोई पर निर्देश देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की मांग वाली याचिका पर कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा जारी है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्थल की पीठ ने कहा कि वैकल्पिक कल्याण योजनाओं को लागू करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विकल्प खुला है। कोर्ट ने कहा कि लोगों को किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

## बैंकाक पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष



*नई दिल्ली। संजोकर रखे गए भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों सारिपुत्र और महामौदगल्यायन के पवित्र अवशेष थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंच गए हैं। इसे 18 मार्च तक थाईलैंड में लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा। भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेषों को एक साथ पहली बार प्रदर्शित किया जा रहा है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में 22 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अवशेषों के साथ थाईलैंड पहुंचा है।*

### हाई कोर्ट का निर्देश: शेर-शेरनी का नाम तुरंत बदलें

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को विवाद से बचने के लिए शेर-शेरनी का नाम बदलने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने इनको सीता और अकबर नाम देने को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब भी मांगा है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम पैगंबर, ईसाई, महान पुरस्कार विजेताओं, राष्ट्र नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर न रखें। इससे विवाद पैदा होता है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता रखा गया है। विश्व हिंदू परिषद की बंगाल इकाई ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया। 16 फरवरी को इसके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की बेंच ने की। याचिकाकर्ता की मांग थी कि शेरों के जोड़े का नाम बदला जाए।

**SKM का अहम फैसला:** आज मनाएंगे काला दिवस

# 26 को ट्रैक्टर रैली, 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत

## किसान की मौत पर रोष: एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग

**एजेंसी** | चंडीगढ़

न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को पुलिस से झड़प के दौरान एक किसान की मौत के बाद से ही किसानों रोष है। चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में फैसला किया गया कि 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही किसान शुभकरण सिंह की मौत के विरोध में देशभर में प्रदर्शन करने की घोषणा की गई। किसानों ने 23 फरवरी को काला दिवस मनाने की घोषणा की है। ज्ञात रहे कि हजारों किसान एक सप्ताह से अधिक समय से हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं।



किसान नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धाजंलि अर्पित की।

### हरियाणा के सीएम व पुलिस पर मामला दर्ज करने की मांग

किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। उन्होंने हरियाणा के सीएम व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग उन्होंने की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की।

### अमित शाह, मनोहर और विज से मांगा इस्तीफा

संयुक्त किसान मोर्चा ने देश के गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे की मांग भी की। किसानों ने कृषि को विश्व व्यापार संगठन से अलग करने की मांग की है।

### शंभू और खनौरी बॉर्डर पर स्थिति सामान्य

किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवन सिंह पंधेर ने कहा था कि वे 2 दिनों तक रणनीति बनाएंगे और अगला फैसला 23 फरवरी को लिया जाएगा। किसानों का आंदोलन दो दिन के लिए रोका गया। उधर, आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं। हालांकि किसान अभी भी बॉर्डर पर बैठे हुए हैं। बुधवार को खनौरी बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इसके बाद किसानों ने दो दिन के लिए आंदोलन बंद करने का फैसला किया था।

**नौसेना की बढ़ेगी ताकत**

## 19000 करोड़ में खरीदी जाएंगी 200 ब्रह्मोस मिसाइल

■ युद्धपोतों पर होंगी तैनात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। नौसोना को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति ने युद्धपोतों पर तैनाती के लिए 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के खरीद को मंजूरी दे दी है। यह सौदा लगभग 19,000 करोड़ रुपए का होगा। सौदे पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस और रक्षा मंत्रालय के बीच मार्च के पहले हफ्ते में हस्ताक्षर हो सकते हैं।

अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि नौसेना की समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिसाइलों को विभिन्न युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। समझा जाता है कि सीसीएस द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के तहत लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल और लगभग 450 किलोमीटर दूर तक निशाना लगाने वाले हथियार की खरीद की जाएगी। भारत-रूस संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करती है जिन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से लक्ष्य की ओर दागा जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल 2.8 मैक यानी ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक गति से लक्ष्य की तरफ जाती है। मिसाइलों के अधिग्रहण के लिए औपचारिक अनुबंध पर अगले कुछ महीनों में मुहर लगने की उम्मीद है। भारत ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भी कर रहा है।

### फिलीपींस को भी निर्यात करने की तैयारी

ब्रह्मोस कॉर्पोरेशन द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल का बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण किया गया है और इसके ज्यादातर कलपुर्जों का का स्वदेशीकरण किया जा रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को जल्द ही फिलीपींस को भी निर्यात करने की तैयारी है, जो इसका पहला वैश्विक ग्राहक है। बता दें कि कई देश ब्रह्मोस मिसाइल में रुचि दिखा रहे हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र के कई देशों ने कई तरीकों से तैनाती के लिए इस मिसाइल प्रणाली में गंभीर रुचि दिखाई है।

**अमेरिकी वीजा पर राहत भरी खबर**

## भारतीयों के लिए कम होगा प्रतीक्षा समय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका में जाकर काम करने वाले भारतीयों को लेकर एक राहतभरी खबर है। भारतीयों के लिए वीजा प्रतीक्षा समय( वीजा वेटिंग टाइम) को कम करने की दिशा में काम कर रहा है। पिछले साल भी अमेरिका ने आंगतुक वीजा जारी करने में लगने वाले समय को 75 प्रतिशत तक कम किया था। अब अन्य देशों की तुलना में भारतीय बड़ी संख्या में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। अमेरिका की वाणिज्य दूतावास मामलों की उप मंत्री रेना बिटर ने कहा है कि, भारत में दूतावास ने पिछले साल 14 लाख वीजा आवेदन पर काम किया है। पर्यटन के लिए पहली बार अमेरिका की यात्रा करने वालों को वीजा जारी करने में ज्यादा समय लगता है। लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में प्रतीक्षा समय को 75 प्रतिशत तक कम किया गया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को विदेश यात्रा किए बिना अपने एच1बी वीजा को नवीनीकृत करने की अनुमति देने के लिए पायलट कार्यक्रम चल रहा है, जो फरवरी में खत्म होगा।

### 34 प्रतिशत अधिक एच-1बी वीजा जारी किए

एच-1बी वीजा की योजना पर बिटर ने कहा, भारतीय दूतावास ने पिछले साल 34 प्रतिशत अधिक एच-1बी वीजा जारी किए जो कि अब तक का सर्वाधिक हैं। हमने अमेरिका में 20,000 भारतीय कुशल कामगारों को फिर से वैधता देने के लिए जनवरी में प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू किया था जो इस महीने के अंत में समाप्त होगा। प्रायोगिक कार्यक्रम के पूरा हो जाने के बाद इसका मूल्यांकन किया जाएगा।

## ग्रीस के पीएम से मुलाकात

*नई दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारत की यात्रा पर आए ग्रीस के प्रधानमंत्री किरीकोस मित्सोतकिस से मुलाकात की।*



**पीएम मोदी का गुजरात दौरा: कई प्रोजेक्ट्स की दी सौगात**

# अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का जीवन बदलना है मोदी की गारंटी का लक्ष्य

**एजेंसी** | नवसारी/मेहसाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि मोदी की गारंटी का लक्ष्य, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े देशवासी का भी जीवन बदलना है। इसलिए एक तरफ देश में देवालय भी बन रहे हैं और करोड़ों गरीबों के पक्के घर भी बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हो जाने के बावजूद कांग्रेस नकारात्मकता में जी रही है, उसके नेता नफरत का रास्ता नहीं छोड़ पा रहे हैं। आजादी के बाद दशकों तक देश पर शासन करने के बावजूद कांग्रेस ने इसकी समृद्ध विरासत को नजरअंदाज किया। पीएम ने गुरुवार को गुजरात दौरे के दौरान मेहसाणा और



नवसारी में सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीएम मोद ने 44 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। नवसारी में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित अन्य विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। पीएम ने उत्तर गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद समारोह को भी संबोधित किया।

अपनी सभाओं में पीएम मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, विपक्षी दल के पास उन्हें गाली देने के अलावा कोई एजेंडा नहीं है, लेकिन उनका यही रवैया आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतने के राजग के संकल्प को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वही लोग हैं जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकारा तथा राममंदिर के निर्माण में बाधाएं खड़ी कीं।

### कांग्रेस ने न विकास किया, ना विरासत संभाली

पीएम ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में हमने गुजरात में 'विकास' और 'विरासत' दोनों को मजबूत करने का प्रयास किया है। कांग्रेस आजादी के बाद सालों तक सत्ता में रही लेकिन विकास और विरासत को लेकर भ्रमित रही। विकास और विरासत को लेकर जो विरोधाभास रहे, उसके लिए कांग्रेस ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है। देश के गरीब को पहली बार ये भरोसा हुआ है कि उसे पक्का घर मिलेगा, क्योंकि मोदी की गारंटी है।

### देवसेवा भी हो रही है और देशसेवा भी

पीएम ने कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले 22 जनवरी को मैं अयोध्या में प्रभु राम के चरणों में था। वहां प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उसके बाद 14 फरवरी को अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर के लोकार्पण का मुझे अवसर मिला।इसके बाद उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास का भी मुझे मौका मिला और आज मुझे यहां तरभ में दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### अमूल का विकास अभूतपूर्व

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में गुजरात मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ/अमूल फेडरेशन) के स्वर्ण जयंती समारोह में 600 करोड़ की पांच परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बाद में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद भारत में कई ब्रांड तैयार हुए लेकिन अमूल का विकास अभूतपूर्व है। आज अमूल देश के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन गया। 50 साल पहले गुजरात के गांव वालों ने जो पौधा लगाया था, आज वह वटवृक्ष बनकर खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि अमूल सरकार व सहकार में तालमेल का उत्तम उदाहरण है। महिलाएं डेयरी उद्योग की रीढ़ हैं।

केएल सैनी स्टेडियम में दैनिक नवज्योति को हराते हुए लीग में बोला हल्ला

# ‘सच बेधड़क’ ने पीपीएल में शानदार जीत के साथ खोला खाता

**बेधड़क.जयपुर।** ‘सच बेधड़क’ ने प्रेस प्रीमियर लीग-2024 (पीपीएल) में जीत से शुरुआत की। टीम ने अपना पहला ही मैच बड़े रोमांचक तरीके से जोश और जुनून के साथ जीत लिया। सच बेधड़क ने टीम दैनिक नवज्योति को हराते हुए शानदार जीत हासिल की। गुरुवार को केएल सैनी स्टेडियम में ये मैच खेला गया, जिसमें कई रोमांचक पल देखने को मिले। सच बेधड़क के खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया।



फोटो: पंकज शर्मा

### पहले बॉलिंग करने की अपनाई स्ट्रेटजी

सच बेधड़क टीम के कप्तान कार्तिक शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी दैनिक नवज्योति की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन 7 विकेट खोकर बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सच बेधड़क की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में ही 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। सच बेधड़क ने 8 विकेट से मैच जीतकर टूर्नामेंट में जीत से आगाज कर दिया। जीत से टीम प्लेयर्स बहुत उत्साहित नजर आए और सभी ने ग्राउंड पर ही जश्न मनाते हुए आगामी मैचों को जीतने का संकल्प लिया।



### रोमांचक मैच में की जीत हासिल

लीग में दिन का दूसरा मैच सियासी भारत और फर्स्ट इंडिया ब्लू के बीच केएल सैनी स्टेडियम में खेला गया। सियासी भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। 163 रन का पीछा करने उतरी फर्स्ट इंडिया ब्लू ने रोमांचक 20वें ओवर की 5वीं गेंद पर गर्वित नांरग के छक्के से मैच जीत लिया। मैच के हीरो गर्वित रहे, जिन्होंने अर्ध शतक लगाते हुए 28 गेंद पर 61 रन की नाबाद पारी खेली और बॉलिंग में 3 विकेट लिए।

### आज भी होंगे रोमांचक मुकाबले

लीग का शुक्रवार को पहला मैच सुबह 9 बजे नेशनल इलेवन बनाम दैनिक भास्कर डिजिटल तथा दूसरा मैच दोपहर 12:30 बजे फर्स्ट इंडिया रेड बनाम महानगर टाइम्स के बीच खेला जाएगा। अभी तक लीग में कई शानदार मैच खेले गए हैं, जिसमें पत्रकारों ने जोश और जूनून से खेलते हुए उच्च कोटि का खेल दर्शाया है।

## भजन संध्या में झूमे श्रोता



**बेधड़क. जयपुर।** विश्वकर्मा जांगिड़ विकास सेवा समिति देवी नगर की ओर से 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। बजरंग निम्बीजोधा ने बताया कि मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। वहीं, भाजपा श्याम नगर मंडल महामंत्री मानवेन्द्र सिंह, भींवाराम देवाणी, भरत सिंह, मुकेश जांगिड़, भानु प्रसाद जांगिड़, सांवरमल जांगिड़, शिव जांगिड़, मनोज जांगिड़ उपस्थित रहे। करीब 2000 लोगों ने सामूहिक भजन और प्रसादी ग्रहण का आनंद लिया।

## अजरख प्रिंट से हुए रूबरू



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश की लोक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जवाहर कला केन्द्र की ओर से अजरख प्रिंट पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला बाड़मेर के विशेषज्ञ राणामल खत्री और अचला राम क्रमश: प्रशिक्षक और सह प्रशिक्षक के रूप में 20 से अधिक प्रतिभागियों से रूबरू हो रहे हैं। पहले दिन अजरख के इतिहास और तकनीकी पक्षों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक राणामल खत्री ने बताया कि अजरख छपाई की विधा 500 से 600 वर्ष पुरानी है। कारीगर खैरपुर सिंध वर्तमान पाकिस्तान में निवास करते थे। सिंध नदी के किनारे यह विधा पल्लवित हुई। आजादी के बाद बाड़मेर में इन परिवारों ने शरण ली। इसके बाद से बाड़मेर के अजरख प्रिंट ने विश्व भर में पहचान बनाई। शुक्रवार से अजरख प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा।

## नहर के गणेश का पंचामृत अभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित नहर के गणेश मंदिर में गुरुवार को पुष्य नक्षत्र के मौके पर प्रथम पूज्य का पंचामृत अिभषेक किया गया। इस मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महंत पं. जय शर्मा ने सुबह शुभ मुहूर्त में श्रीगणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तर शतनामावली से भगवान गणेश को दुर्वा अर्पित की। इसके बाद मंत्रोच्चारण के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। गणपति को नवीन पौशाक धारण करवाकर मोदक का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान गणपति के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित सर्वबाधा निवारण रक्षासूत्र वितरित किए गए। मंदिर में शाम को 251 दीपकों से महाआरती की गई।

## City इवेंट्स

### बच्चों को बताया गुड टच-बैड टच



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर में सड़क किनारे कुछ झुग्गी झोपड़ियों में रहकर कचरा बीनने वाले बच्चों को पहनने को कपड़े और खाने को मिठाई मिली तो चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही उन्हें जब अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी दी तो आश्चर्य चकित दिखाई दिए। यह सब हुआ जब सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पी शाह उनके बीच पहुंची। सोशल कॉज से जुड़ी शाह ने जब मानसरोवर में बच्चों को पढ़ने की उम्र में बालश्रम करते देखा। पेट पालने के लिए कचरा बीनते देखा तो वे उनके बीच गई। उन्हें एक जगह इकट्ठा किया और पहले तो उन्हें कुछ कपड़े और चॉकलेट्स दी। इसके बाद उन्हें शिक्षा का महत्व बताया। बाल श्रम के दुष्परिणाम बताए और ऐसा करवाने वाले को मिलने वाली सजा के बारे में जानकारी दी। इसके बाद उन्हें स्पर्श आभियान के कुछ पोस्टर पोस्टर के माध्यम से सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में बताया।

### पवन कुमार कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने



**बेधड़क. जयपुर।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने पवन कुमार गुर्जर को राजस्थान प्रदेश का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन 27 फरवरी को क्रांतिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह बस्सी ने बताया कि विजय सिंह पथिक की जयंती पर प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन व राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इसमें खेल, साहित्य, जनसेवा, भामाशाह व पत्रकारिता की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।


### जैन समाज ने की कठोतिया से मुलाकात



**बेधड़क. जयपुर।** अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जयपुर जिले में साधु संतों, साध्वियों के प्रवास, प्रवचन व चातुर्मास हेतु जैन समाज से भूमि चाहने के लिए प्रस्तावों के सम्बन्ध में राजस्थान जैन सभा जयपुर के पदाधिकारियों ने अल्पसंख्यक मामलात विभाग की निदेशक नलिनी कठोतिया से मुलाकात की। इस मौके पर विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त भूमि भवन उपलब्ध कराने के प्रस्तावों को इकजाई कर सभा के पदाधिकारियों द्वारा अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक व जयपुर जिले के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद, मन्त्री विनोद जैन कोटखावदा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक भाग चंद जैन मित्रपुरा तथा धर्म जागृति संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला उपस्थित थे।

24-25 को ताज जय महल पैलेस में होगा आयोजन

## पिंकसिटी में इठलाएंगी इतिहास को समेटे देश भर की विंटेज कारें



**बेधड़क | जयपुर**

देश भर के इतिहास को समेटे विंटेज कारें हेरिटेज सिटी गुलाबी नगरी की सड़कों पर दौड़ लगाएंगी। इस दौरान कोई कार अपनी स्टाइल से लुभाएगी तो कोई अपने वैभव से इतिहास भी बयां करेगी।

ये सब होगा राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब की माइलस्टोन 25वीं विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन और ड्राइव में, जो जयपुर में 24-25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन और ड्राइव का उद्देश्य राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना है। क्लब द्वारा पहला इवेंट 28 वर्ष पहले 1996 में आयोजित किया गया था, जो केवल 10 कारों के साथ आया था। इस बार दिल्ली, गुड़गांव, चंडीगढ़, मुंबई से 120 से अधिक विंटेज और क्लासिक कारों के आने की उम्मीद है। उप-निदेशक पर्यटन विभाग उपेंद्र सिंह ने कहा कि आयोजन से राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और भारत की समृद्ध ऑटोमोबाइल हेरिटेज, विंटेज और क्लासिक कार्स का संरक्षण होगा।

उद्घाटन शनिवार दोपहर 12 बजे ताज जय महल पैलेस में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विशिष्ट अतिथि पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ करेंगे।

राष्ट्रीय युवा समारोह में दिए नकद पुरस्कार

## राग शुद्ध सारंग, शुद्ध बिलावल और बनारसी ठुमरी में सुरों के रंग



**बेधड़क | जयपुर**

सुर संगम संस्थान और जवाहर कला केंद्र की ओर से कला व संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे 34वें राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह में विभिन्न विधाओं में अव्वल रहे कई युवा सुर साधकों ने हुनर का जमकर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कलाकारों ने राग शुद्ध सारंग, शुद्ध बिलावल और बनारसी ठुमरी आदि को पूरी तैयारी और मनोयोग के साथ प्रस्तुत किया। केसी मालू ने पुरस्कारों की घोषणा की। विभिन्न श्रेणियों में प्रथम रहने वाली प्रतिभाओं को अमेरिका निवासी निर्मल तारा सेठिया की ओर से पच्चीस-पच्चीस हजार के 4 पुरस्कार दिए गए। इन पुरस्कारों के हकदार लोक गायन में रीवा की अतिशी तिवारी, सुगम गायन में दिल्ली की सरताज केसर, उप-शास्त्रीय गायन में सतना की आरती शुक्ला और शास्त्रीय गायन में वाराणसी के अक्षत प्रताप सिंह बने। सुगम गायन का सर्वश्रेष्ठ अवॉर्ड वाराणसी की प्रियंका सेहवाल को 51 हजार रुपए दिए गए। हाल ही में दिवंगत हुए ध्रुवपद मार्तंड पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की स्मृति में शास्त्रीय गायक जयपुर के हुल्लास को 11 हजार का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह विभिन्न विधाओं में द्वितीय रहने वाली प्रतिभाओं को 10-10 हजार का सम्मान दिया गया।

नेचर्स कोर्ड | एग्जीबिशन में दिखे कैनवास पर मां की स्तुति के आयाम

## गुलाबी नगरी में कॉफी के रोस्ट से दशाई जापानी संस्कृति

**बेधड़क | जयपुर**

कैनवास पर प्रकृति के रंगों को समेटे कॉफी पेंटिंग्स की महक आर्ट गैलरी में कला प्रेमियों को बरबस ही अपने और खींच रही थी। पेंटिंग्स में आर्टिस्ट ने मनोभावों को कूंची से उकेर कर अभिव्यक्ति का संजीदा चित्रण किया। अवसर रहा जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलरी में गुरुवार से शुरू हुई चार दिवसीय ‘नेचर्स कोर्ड’ एग्जीबिशन का। एग्जीबिशन में कैनवास पर कॉफी पेंटिंग करने वाली भारत की कंटेंपरेरी पेंटिंग आर्टिस्ट निधि भारती ने 100 रिच कलेक्शन में से 40 बेहतरीन पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया। एग्जीबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर मेजर जनरल एससी पारीक ने किया।



### नेचर से किया कनेक्ट

कॉफी पेंटिंग्स से कलाकार ने अपने जीवन के अनुभव, भावना और प्यार को नेचर से कनेक्ट करते हुए कैनवास पर खूबसूरत चित्रण किया। सदाबहार अभिनेता देवानंद की कॉफी से बनी पहली पेंटिंग आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा कन्वर्सेशन ऑफ लव, म्हारो राजस्थान, फोर्ट, मदर नेचर, वॉटरफॉल, ईगल, विलेज, फॉरेस्ट, जापानीज वुड, लैवेंडर फॉल और एब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग्स शोकेस की गई।

### अरेबीका कॉफी के रोस्ट का उपयोग

निधि भारती ने बताया कि नेचर हमारी मां का रूप है जो हमें खुशी और प्यार देता है। मदर नेचर पेंटिंग में मां के मातृत्व भाव को ही उकेरा है। जिस प्रकार हमारी मां बच्चों को अपने आंचल में रखती है, उसी तरह प्रकृति रूपी मां भी हमें अपने भीतर समेटे हुए है। पेंटिंग में सजी हुई मां, पहाड़, नदियां, झरनों और बतख का बखूबी चित्रण किया गया है। इसके अलावा आर्टिस्ट ने अरेबीका कॉफी के भिन्न-भिन्न रोस्ट का उपयोग करते हुए जापानीज वुड पेंटिंग बनाई है। इसमें जापान के कल्चर को दिखाने की कोशिश की है।





### सोमालिया-इथियोपिया विवाद के चलते अफ्रीका में तनाव बढ़ने की आशंका

# दस साल तक सोमालिया की सुरक्षा करेगी तुर्की नौसेना




**एजेंसी** | अंकारा

दुनियाभर के मुस्लिम देशों का 'खलीफा' बनने के सपना देख रहे तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान के हाथ बड़ी सफलता लगी है। सोमालिया ने अपनी समुद्री सुरक्षा का जिम्मा तुर्की की सेना के हवाले करने का फैसला किया है। सोमालिया के राष्ट्रपति ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस डील के बाद अब अगले 10 साल तक तुर्की की नौसेना सोमालिया के समुद्री इलाके की सुरक्षा करेगी। यही नहीं तुर्की अब सोमालिया की राष्ट्रीय नौसेना को विकसित करेगा, उन्हें प्रशिक्षित करेगा और हथियारों से लैस करेगा।

तुर्की के लिए इस डील को बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस डील से तुर्की को जहां काफी कमाई होने की उम्मीद है, वहीं अफ्रीकी देश इथियोपिया के साथ उसका तनाव भड़क सकता है। गौरतलब है कि तुर्की बहुत तेजी से मध्य पूर्व और अफ्रीकी इलाके में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। तुर्की के सैनिक अफ्रीका के लीबिया, ग्रीस के पास एजियान समुद्र, उत्तरी साइप्रस, सीरिया, इराक, अजरबैजान और अफगानिस्तान में बड़ी तादाद में मौजूद हैं। यह सैन्य तैनाती एर्दोगान की तुर्की के प्रभाव को बढ़ाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। ताजा घटनाक्रम में सोमालियाई संसद ने तुर्की के साथ एक रक्षा और आर्थिक सहयोग समझौते को अपनी औपचारिक स्वीकृति दे दी है।



### 'यह समझौता ऐतिहासिक'

सोमालिया प्रधानमंत्री हमजा अब्दी बर्रे ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह देश के लिए एक स्थाई विरासत होगी। बर्रे ने विश्वास जताया कि यह समझौता आतंकवाद, समुद्री डकैती, अवैध मछली पकड़ने, प्रदूषण और बाहरी खतरों से संबंधित चिंताओं को दूर करेगा। उनका इशारा इथियोपिया की ओर माना जा रहा है। इस समझौते से जुड़े एक सोमालियाई सूत्र ने मिडिल ईस्ट आई वेबसाइट से खुलासा किया कि यदि जरूरी होगा तो तुर्की की नौसेना अगले दशक तक सोमाली समुद्री जल की रक्षा करने के लिए अधिकृत रहेगी। तुर्की के एक रक्षा अधिकारी ने इस डील का विवरण देने से इनकार कर दिया।

### चीन ने कई शहरों की तैयार कर दी कॉपी

# डुप्लीकेट पेरिस

**एजेंसी** | बीजिंग

डुप्लीकेट आइटम्स बनाने के लिए मशहूर चीन ने इस बार एक पूरे शहर को ही कॉपी कर लिया है। यूरोप के लंदन और पेरिस जैसे शहर पर्यटन के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं, लेकिन चीन ने इन शहरों के डुप्लीकेट शहर अपने देश में बना लिए हैं।

चीन ने पेरिस शहर का डुप्लीकेट शहर इस कुशलता के साथ बनाया है कि यहां जाने वाले लोगों को एकबारगी लगता है कि वे वास्तव में पेरिस में ही हैं। इस शहर में आइफिल टावर भी बनाया गया है। चीन ने तियांडुचेंग शहर में एक दूसरा पेरिस बनाया गया है। इसमें कैफे और पार्क भी पेरिस जैसे हैं। अपनी भव्यता के बावजूद भी यह शहर लगभग खाली है। इसे 10 हजार लोगों के लिए बनाया गया था, लेकिन 2013 तक इसमें 2000 लोग ही रहते थे। एक अरब पाउंड की कीमत में इसे बनाया गया और 2007 में खोला गया। यहां आइफिल टावर भी है जो 107 मीटर ऊंचा है। असली आइफिल टावर की ऊंचाई शीर्ष पर 330 मीटर है। चीन ने यहां की जियांग्शी रोड को एक फ्रेंच नाम तक दे दिया था। यहां पर एक गार्डन भी बनाया गया है जो पूरी तरह यूरोपीय डिजाइन वाला है। झेजियांग प्रांत में इसकी लोकेशन काफी दूर है, जिस कारण पहले यहां लोग जाने से बचते थे। हालांकि नवविवाहित जोड़ों के बीच यह जगह हनीमून डेस्टिनेशन के तौर पर लोकप्रिय है।



### तैयार की हर बड़े मॉन्यूमेंट की नकल

2017 में तो यह भी दावा किया जा रहा था कि इस शहर की आबादी 30 हजार हो गई है और यहां यूरोपीय भी रहना चाहते हैं। लेकिन आज भी यह एक वीरान शहर ही है। तियांडुचेंग में बनी आइफिल टावर की नकल चीन में इकलौती नहीं है। हांगकांग की सीमा से सटे दक्षिणी शहर शेनझेन में भी 108 मीटर ऊंचा टावर है। चीन में लंदन के टॉवर ब्रिज, अल्पाइन गांव यहां तक कि सिडनी के ओपेरा हाउस की भी कॉपी मिल जाएगी।

# अंडरवर्ल्ड डॉन को गोलियों से भूना

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के एक अंडरवर्ल्ड डॉन की शादी समारोह में गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर का ये अंडरवर्ल्ड डॉन एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, तभी उसे गोलियों से भून दिया गया। दरअसल, लाहौर के माल परिवहन नेटवर्क के मालिक और डॉन अमीर बालाज टीपू को चुंग इलाके में एक शादी समारोह के दौरान अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। आरिफ अमीर उर्फ टीपू ट्रकवाला के बेटे अमीर बालाज टीपू को इस गोलीबारी का शिकार होना पड़ा। गौरतलब है कि अमीर पर 2010 में भी अल्लामा इकबाल हवाई अड्डे पर एक घातक हमला हुआ था।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार हमलावर ने बालाज और दो अन्य मेहमानों पर गोलीबारी की, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। जवाबी हमले में बालाज के सहयोगियों ने भी फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप हमलावर की तत्काल मौत हो गई। हालांकि, बचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद बालाज की भी जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई। डॉन के अनुसार, बालाज के निधन की खबर से उनके समर्थकों में दुख और रोष फैल गया, जो उनके निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अस्पताल में जुट हुए। बालाज के निधन के बाद कई महिलाओं को मातम मनाते और अपराधियों की निंदा करते देखा गया। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि इलाके को सील कर दिया है और घटना की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

## मरियम नवाज बनेंगी पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री



**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव और विधानसभाओं के लिए मतदान हुआ था। चुनाव के बाद विधानसभाओं को सत्र बुलाना होता है, जिनमें पंजाब पहला प्रांत है, जो अपना उद्घाटन सत्र शुक्रवार को बुला रहा है। गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा सत्र बुलाया है, जिसमें विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और नई सरकार का गठन शुरू होगा। गौरतलब है कि 50 वर्षीय मरियम पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं।

### वैज्ञानिकों को मिली ग्रीन एनाकोंडा की नई प्रजाति

# ब्राजील में मिला 'असली राक्षस'

**एजेंसी** | कैनबरा

अमेजन के सबसे दुर्लभ और रहस्यमय जानवरों में से एक माने जाने वाले हरे एनाकोंडा की प्रजाति के एक नए सांप को हाल ही खोजा गया है, जिसका सामने आना किसी को भी खौफ में डाल सकता है। इस सांप का सिर इंसान के सिर के बराबर है। वहीं इसका आकार 26 फीट लंबा है। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड के प्रोफेसर ब्रायन जी फ्राई ने बताया कि हमारा नया शोध इस शानदार प्राणी के प्रति वैज्ञानिक समझ को बढ़ाता है, जिससे पता चलता है कि यह वास्तव में अनुवांशिक रूप से दो अलग-अलग प्रजातिया हैं। लगभग 1 करोड़ साल पहले ग्रीन एनाकोंडा अनुवांशिक रूप से अलग हुए। ग्रीन एनाकोंडा दुनिया के सबसे बड़े और भारी सांप हैं। यह दक्षिणी अमेरिका की नदियों में पाए जाते हैं। इन्हें इनकी तेज गति और बड़े शिकार का दम घोंटने और फिर उन्हें जिंदा निगलने के लिए जाना जाता है। ऐतिहासिक रूप से एनाकोंडा की चार प्रजातियों को मान्यता दी गई है, जिनमें ग्रीन एनाकोंडा भी शामिल हैं। सरीसृपों में हरे एनाकोंडा सच में राक्षस हैं। इनका वजन 250 किग्रा से ज्यादा का हो सकता है।



**बड़े जानवरों को सीधे निगल जाता है एनाकोंडा:** यह सांप पानी में रहने के लिए पूरी तरह अनुकूल हैं। उनकी नाक और आंख सिर से ऊपर होती है, ताकि वे देख सकें और सांस ले सकें। जबकि उनका बाकी शरीर पूरी तरह पानी में डूबा रहता है। यह सांप दक्षिण अमेरिका के अमेजन और ओरिनोको बेसिन के हरे-भरे जटिल जलमार्गों में रहते हैं। इन्हें छिपने, धैर्य और तेजी के लिए जाना जाता है। यह चूहों, मगरमच्छ की प्रजातियों के बड़े जानवर और हिरण को शिकार बना सकते हैं।

**जहर नहीं, पर खतरनाक ताकत के मालिक:** सिर्फ 25 फीसदी सांप जहरीले होते हैं। हरे एनाकोंडा में जहर नहीं होता। लेकिन इनकी ताकत बहुत ज्यादा होती है। ये अपने बड़े और लचीले जबड़ों का इस्तेमाल शिकार के लिए करते हैं। अपने शिकार को निगलने से पहले यह उसे अपनी पकड़ से तोड़ देते हैं। एनाकोंडा पर्यावरण परिवर्तन के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। अगर एनाकोंडा की आबादी अच्छी है तो यह स्वच्छ पानी के साथ जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत देता है। एनाकोंडा की घटती संख्या पर्यावरण संकट का संकेत दे सकती है। इसलिए एनाकोंडा की प्रजाति की मौजूदगी और उनकी संख्या की निगरानी जरूरी है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl